इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक -1 | राजनांदगांव, रविवार 17 नवंबर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# झांसी अस्पताल में आग: फायर अलार्म ने दिया धोखा, सिर्फ एक एग्जिट गेट, 10 मासूमों की जान

झांसी। झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार देर रात हुए अग्निकांड ने पूरे इलाके को हिला दिया। चिल्ड्रन वार्ड (एनआईसीयू) में लगी आग ने 10 मासूम बच्चों की जान ले ली। करीब 39 बच्चों को समय पर बचा लिया गया, लेकिन सवाल यह है कि यह हादसा क्यों हुआ? अस्पताल में फायर अलार्म क्यों नहीं बजे और सुरक्षित निकासी का प्रबंध क्यों नहीं था? घटना ने व्यवस्थागत खामियों को उजागर कर दिया है।






### फायर अलार्म बजा नहीं और एग्जिट गेट बस एक

झांसी अग्निकांड में फायर अलार्म सिस्टम ने काम नहीं किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फायर अलार्म का मेंटेनेंस लंबे समय से नहीं हुआ था। इसके अलावा, वार्ड में एक ही एग्जिट गेट होने के कारण धुआं भर गया, जिससे अंदर फंसे बच्चों को समय पर बाहर नहीं निकाला जा सका। एग्जिट गेट नहीं होने की वजह से आखिरकार बच्चों को खिड़की के रास्ते निकालना पड़ा।

### परिजनों का आरोप- स्टाफ ने नहीं दिखाई तत्परता

झांसी अग्निकांड के दौरान अस्पताल स्टाफ के रवैये पर भी सवाल उठे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मेडिकल स्टाफ ने आग लगने के बाद अपनी जान बचाने के लिए बाहर की तरफ दौड़ लगाई, जबकि अंदर बच्चे फंसे हुए थे। अगर स्टाफ ने तत्परता से काम किया होता तो शायद कुछ और बच्चों को बचाया जा सकता था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सरकार का रुख और जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी अग्निकांड पर शोक व्यक्त किया और घायलों को हर संभव मदद देने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पताल का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं, ताकि दोषियों को सजा मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### चश्मदीदों ने बताई घटना की भयावहता

हादसे के समय वार्ड में मौजूद परिजनों ने बच्चों को बचाने की हर संभव कोशिश की। एक पिता ने बताया 'हमने वार्ड में धुआं देखा और तुरंत बच्चों को निकालने की कोशिश की। लेकिन गेट छोटा होने के कारण सभी बच्चों को निकालना मुश्किल हो गया।' फायर ब्रिगेड की देर से पहुंचने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

# मणिपुर में 2 मंत्रियों और 3 विधायकों के घरों पर प्रदर्शनकारियों का हमला, 7 जिलों में इंटरनेट पर बैन



मणिपुर। जिरीबाम जिले में तीन लोगों की हत्या के लिए न्याय की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को इंफाल में दो मंत्रियों और तीन विधायकों के घरों पर हमला कर दिया। इसके बाद से प्रशासन ने जिले में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया। अधिकारियों ने कहा कि इंफाल पश्चिम, पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, कांगपोकपी और चुराचांदपुर में दो दिनों के लिए इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि अफवाहों को रोकने के लिए सात जिलों में इंटरनेट सेवा और मोबाइल सेवा पर बैन लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भीड़ ने लांफेल सनाकीथेल इलाके में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सपम रंजन के आवास हमला किया है।

इंफाल पश्चिम जिले के सगोलबंद इलाके में आंदोलनकारी भाजपा विधायक आरके इमो के आवास के सामने जुटे थे। प्रदर्शनकारी तीन लोगों की हत्या के मामले में न्याय की मांग कर रहे थे। बता दें कि आरके इमो मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि तीन लोगों की हत्या के मामले में 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

### समाचार पत्र के कार्यालय पर बोला हमला

कीशमथोंग निर्वाचन क्षेत्र के निर्दलीय विधायक सपम निशिकांत सिंह के टिडिम रोड स्थित उनके आवास पर मिलने आए प्रदर्शनकारियों ने उनके स्वामित्व वाले एक स्थानीय समाचार पत्र के कार्यालय पर भी हमला कर दिया। बता दें कि शुक्रवार रात मणिपुर-असम सीमा पर जिरी और बराक नदियों के संगम के पास तीन शव मिले थे, जिनके बारे में संदेह है कि ये जिरीबाम जिले के 6 लापता लोगों के हैं। शनिवार सुबह, सूत्रों ने पुष्टि की कि दो शव बच्चों के थे और एक महिला का था। शव कुछ सड़न के कारण फूल गए थे।

### कुकी विद्रोहियों ने लोगों का बनाया था बंधक

सूत्रों ने कहा कि जिरीबाम के बोकोबेरा इलाके से संदिग्ध कुकी विद्रोहियों के एक समूह ने महिलाओं और बच्चों को बंधक बना लिया था, जबकि विद्रोहियों का एक अन्य समूह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ गोलीबारी में लगा हुआ था। मुठभेड़ में दस संदिग्ध कुकी विद्रोहियों को मार गिराया गया था। पूर्वोत्तर राज्य में एक साल से अधिक समय से मुख्य रूप से हिंदू मैतेई और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चंद्रपुर में राहुल गांधी ने जनसभा को किया संबोधित, पीएम मोदी पर लगाया यह बड़ा आरोप



मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मतदान में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों का जोरों-शोरों से प्रचार जारी है। इसी बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को चंद्रपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा संविधान में हिंदुस्तान की आत्मा है, इसकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। लेकिन बीजेपी-आरएसएस के लोग इसपर आक्रमण कर रहे हैं। महाराष्ट्र की जनता ऐसी संविधान विरोधी ताकतों को सत्ता से उखाड़कर करारा जवाब देगी।

### 'देश में बेरोजगारी है'

राहुल गांधी ने कहा देश में बेरोजगारी है। महंगाई बढ़ती जा रही है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी की, गलत त्स्ज्ञ लागू करके छोटे बिजेनस को खत्म कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि आज रोजगार मिलना बंद हो गया है। त्स्ज्ञ एक तरह का हथियार है, जिससे स्माल-मीडियम साइज बिजनेस खत्म हो रहे हैं। जब तक नरेंद्र मोदी की सरकार है, तब तक रोजगार नहीं पैदा हो सकता।

### 'देश के प्रधानमंत्री मंच से झूठ बोलते हैं'

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री

# जनजातीय गौरव दिवस : सीएम साय ने बैगा, गुनिया, सिरहा को दी सम्मान निधि की सौगात, गांवों में शहीदों की लगेंगी प्रतिमाएं

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बैगा, गुनिया, सिरहा को दी सम्मान निधि की सौगात दी है। सीएम श्री साय ने साइंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि, जनजातीय समाज का इतिहास बहुत समृद्ध और गौरवशाली है। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और पीएम नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने का काम किया है।

### पीएम मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की

उन्होंने आगे कहा कि, अटल जी ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पृथक से मंत्रालय बनाया और इस समुदाय के विकास को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए अनेक



योजनाएं शुरू की है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24,000 करोड़ रूपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 80,000 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है, जिसके चलते जनजातीय इलाकों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास और जनजातियों की बेहतरी के काम हो रहे हैं।

### जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

सीएम श्री साय ने समारोह में जनजातीय समुदाय के विभूतियों, राज्य में हुए जनजातीय विद्रोह के शहीदों एवं स्वतंत्रता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### बैगा, गुनिया, सिरहा लोगों के लिए मुख्यमंत्री सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा

सीएम विष्णु देव साय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बैगा, गुनिया, सिरहा लोगों के लिए मुख्यमंत्री सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की। इसके तहत उन्हें प्रति वर्ष 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य के लिए अखरा निर्माण विकास योजना शुरू करने और जनजातीय समुदाय के शहीदों की प्रतिमाएं चिन्हित स्थलों पर स्थापित किए जाने की घोषणा की।

# अमेरिका में ट्रम्प राजः एलान मस्क को तत्काल अरबों का फायदा, 2020 में ट्रम्प के लिए 85 करोड़ का पूंजीनिवेश, फायदा होगा?



नई दिल्ली। अमेरिका में अपनी दूसरी इनिंग शुरू करने वाले ट्रम्प फिर से भारत आयेंगे, ऐसी चर्चा चल पड़ी है। वे भारत आयेंगे ऐसी संभावना प्रबल हुई है। किन्तु, डोनाल्ड ट्रम्प देश के किसी भी हिस्से में आयेंगे, वहां भारी भरकम खर्च होना स्वाभाविक है।

उल्लेखनीय कि, 24 फरवरी 2020 में जब ट्रम्प गुजरात के अमदावाद की यात्रा पर आए थे, तब राज्य सरकार ने उनके स्वागत सत्कार और 'नमस्ते ट्रम्प' कार्यक्रम के लिए तत्कालिन नगर निगम आयुक्त द्वारा अधिकृत जानकारी के अनुसार 85 करोड़ रूपयों का खर्च हुआ था। इसके जानकारों में चर्चा है कि ट्रम्प जब पहली मर्तबे अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे, तब और वर्तमान में भी भारत को न कोई फायदा हुआ था और न हाल में होगा। अमेरिका के राजनीतिज्ञों ने दावा किया है कि, ट्रम्प का अपना एक निश्चित सर्कल है, जिनसे वे फायदा उठाते हैं। वे जितना फायदा उनसे उठाते हैं, उतना फायदा ही सहयोगियों को देते हैं। अभी तक उन्होंने नरेन्द्र मोदी को अपना मित्र बताते हुवे उन्हें फायदा पहुंचाते रहे हैं। आगे भी उन्हें फायदा मिल सकता है। रही बात भारत की तो अमेरिका की नीतियों के चलते भारत को फायदा होने वाला नहीं है अमेरिका की नीतियों में केवल ट्रम्प के आर्थिक फायदों को ही प्राथमिकता मिलेगी। साथ में, मस्क को आर्थिक फायदा पहुंचाने ध्यान केन्द्रित रहेगा। ट्रम्प की तिजोरी लबालब रहनी चाहिए।

राजनैतिक गलियारों में चर्चा है कि 2024 के चुनाव में ट्रम्प का खुल्लमखुला समर्थन करने वाले मस्क को तो परिणाम के दूसरे दिन अरबों का आर्थिक फायदा हो गया। गुजरात सरकार ने पिछले 2022 में ट्रम्प पर 85 करोड़ रूपया खर्च किया गया था। इसका आर्थिक फायदा कब मिलेगा? इस पर फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता।

# छग-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर : एक जवान की जांघ से आर-पार हुई गोली, एक के सिर पर लगी चोट; रायपुर एयरलिफ्ट किए गए

कांकेर (दावा)। छत्तीसगढ़ के कांकेर और नारायणपुर जिलों की महाराष्ट्र सीमा से लगते अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ शनिवार की सुबह से जारी है। महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज के साथ कांकेर-नारायणपुर जिले की पुलिस का इसे अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन बताया जा रहा है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

पुलिस ने अब तक 5 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं, फिलहाल रुक-रुक कर दोनों ओर से फायरिंग जारी है। वहीं 2 जवानों के घायल होने की भी खबर है। खिलेश्वर गावड़े और हीरामन यादव को इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।



कांकेर-नारायणपुर जिले की पुलिस बल ने महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज के साथ अबूझमाड़ से लगती सीमा पर एक बड़ा आपरेशन लांच किया है। मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के शव मिले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ नक्सलियों की एक बड़ी पार्टी से हो रही है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी ने नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी के सदस्य अभय को घेरने के लिए इस ऑपरेशन को शुरू किया है। सुरक्षाबलों को अभय के साथ बड़ी संख्या में नक्सलियों के जमावड़े की सूचना मिली थी। मुठभेड़ की पुष्टि कांकेर एसपी आई के एलिसेला ने की है। घायल जवानों को जंगल से निकालने के लिए एमआई17 हेलिकाप्टर को भेजा गया। जंगल में ही एमआई17 हेलिकाप्टर को उतारकर घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर लिया गया है। उन्हें रायपुर भेजे जाने की सूचना मिली हे।

### महाराष्ट्र की सी-60 कमांडो और डीआरजी की संयुक्त कार्रवाई

इस ऑपरेशन में कांकेर और नारायणपुर जिलों के डीआरजी जवानों के साथ महाराष्ट्र की सी-60 कमांडो की टीम भी शामिल है। बड़ी संख्या में जवान जंगलों में मौजूद हैं और नक्सलियों को चारों ओर से घेरने की कोशिश जारी है। सुरक्षाबलों का कहना है कि, मुठभेड़ अभी खत्म नहीं हुई है और इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। माना जा रहा है कि, नक्सलियों की ओर से बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। इस मुठभेड़ पर सभी प्रमुख सुरक्षा एजेंसियां नजर बनाए हुए हैं। यह ऑपरेशन नक्सलियों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े अभियानों में से एक माना जा रहा है।

# पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी मंत्र, बोले- घर-घर पहुंचाएं- 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (16 नवंबर) को महाराष्ट्र के भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअली संबोधित किया। पीएम मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत संवाद किया। प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक हैं तो सेफ हैं का संदेश हर घर तक पहुंचाएं। पीएम ने महाविकास अघाड़ी पर निशाना साधा और झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

पीएम मोदी ने भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप भाजपा के सबसे मजबूत सिपाही हैं। लोगों से मिलें और उनकी समस्याएं जानें। कार्यकर्ता केवल पर्चा देने की औपचारिकता न करें। लोगों से सीधे संवाद कर उनके विश्वास को मजबूत बनाएं।

### महायुति सरकार पर जनता को भरोसा

पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र की जनता



महायुति सरकार के ढाई साल के काम से प्रभावित है। उन्होंने कई सभाओं में जनता के प्रेम को महसूस किया। मोदी बोले, लोग चाहते हैं कि अगले पांच साल भी यही सरकार सत्ता में रहे। महाराष्ट्र में गूंज रहा है, 'भाजप-महायुती आहे, तर गती आहे, महाराष्ट्राची प्रगती आहे'।

### एमवीए लोगों को जातियों में बांटने की कोशिश में

महाविकास अघाड़ी पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि यह गठबंधन समाज को जातियों में बांटने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, 'एमवीए को पता है कि एससी, एसटी और ओबीसी समाज एकजुट हैं। उनकी ताकत को तोड़ने के लिए यह जातियों को आपस में लड़ाने की राजनीति कर रहे हैं।

### कांग्रेस पर भी साधा निशाना

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा, 'जब तक एससी-एसटी, ओबीसी समाज जागरूक नहीं हुआ था, कांग्रेस को केंद्र में बहुमत मिलता था। लेकिन अब यह समाज एकजुट है और कांग्रेस कमजोर होती जा रही है। कांग्रेस अब इन समुदायों को बांटने की साजिश कर रही है।

### 'एक हैं तो सेफ हैं' का संदेश

प्रधानमंत्री ने 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा, महाराष्ट्र के लोग जानते हैं कि उनकी एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मैंने इस विचार को सिर्फ आवाज दी है। लेकिन अघाड़ी वाले इस एकता पर हमला करने की कोशिश कर रहे हैं।

# विश्व पर्यटन मानचित्र पर बस्तर की धूम : धुड़मारास गांव ने बनाई अपनी जगह, संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने किया चयनित

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे से गांव धुडमारास ने देश और दुनिया में अपनी अनोखी पहचान बनाई है। बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धुडमारास गांव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धुड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है।

### धुड़मारास गांव प्राकृतिक सौंदर्य और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध- सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए पर्यटन विभाग की टीम के साथ ही बस्तर जिला प्रशासन तथा कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। सीएम श्री साय ने कहा कि, धुडमारास की सफलता का मुख्य श्रेय यहां के स्थानीय निवासियों को जाता है। जिन्होंने अपने पारंपरिक ज्ञान और संसाधनों को संरक्षित रखते



हुए इसे आकर्षक पर्यटक स्थल में बदल दिया है। धुडमारास प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। बस्तर के अदभुत आदिवासी जीवनशैली, पारम्परिक व्यंजन, हरियाली और जैव विविधता से समृद्ध यह गांव पर्यटकों के लिए एक आकर्षक ही नहीं बल्कि रोमांचक स्थल है।

### बस्तर में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में हुआ इजाफा

धुडमारास गांव दुनिया भर के उन 20 गांवों में से एक है जिसे सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। धुडमारास को इसकी अनूठी सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और सतत पर्यटन विकास की क्षमता के कारण चुना गया है। उन्नयन कार्यक्रम में शामिल होने से गांव को उन संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होगी जो इसके पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढाने, सांस्कृतिक संपत्तियों को बढ़ावा देने और ग्रामवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार में मदद करेंगे। विश्व स्तर पर पर्यटन गांव के रूप में इस गांव की पहचान स्थापित होने का तात्पर्य यह भी है कि, लंबे समय के बाद बस्तर में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है। उल्लेखनीय है कि, धुडमारास तथा बस्तर के ही चित्रकोट गांव को इस वर्ष 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार मिला था

### गांव के लोगों को मिल रहा रोजगार

प्रकृति की गोद में बसा धुडमारास गांव घने जंगलों से घिरा हुआ है। गांव के बीच से बहती कांगेर नदी इसे मनमोहक बना देती है। बस्तर के लोग मेहमान नवाजी के लिए जाने जाते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, गुण्डाधूर जैसे आदिवासी जननायकों का शौर्य, पराक्रम एवं गौरवगाथा अविस्मरणीय - धरमलाल कौशिक



**0 विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का किया गया वितरण**
**0 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, कृषकों, महिलाओं को किया गया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर जनजातीय शौर्य, लोक कला, संस्कृति की वैभव विरासत, विकास एवं निर्माण में सशक्त भागीदारी के लिए जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान विधायक बिल्हा श्री कौशिक का गौर मुकुट पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में शहीद परिवारों को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, कृषकों, महिलाओं को सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर आज हम जननायक बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने सभी को इस अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का प्रवाह अगाध रूप से गतिमान है। अरण्य, ग्राम्य एवं संस्कृति को जीवन सूत्र में एक साथ पिरोने वाले आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। सामाजिक संगठन, समृद्ध संस्कृति तथा गहरी आध्यात्मिक चेतना जनजातीय समाज में रही है। इतिहास के पन्नों पर मुगल एवं अंग्रेजों से देश की आजादी की लड़ाई में भाग लेने वालों में प्रथम पंक्ति में आदिवासी समाज का नाम आएगा। हमारे देश में बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती, गुण्डाधूर, गेंद सिंह, तिनका मांझी जैसे आदिवासी जननायकों का शौर्य, पराक्रम एवं गौरव गाथा अविस्मरणीय है। जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। देश को गुलामी से मुक्त करने वाले ऐसे महानायकों के नाम लिपिबद्ध करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही वीर पुरूषों के शौर्य एवं पराक्रम को सामने लाने के लिए प्रयास किया गया है। शहीद वीर नारायण सिंह ने संकटकाल में गरीब एवं जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया। अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा दी। आज के परिवेश में आने वाली पीढ़ी को जनजातीय समाज की वीर गाथाओं से परिचित कराने की जरूरत है।

पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक ने कहा कि जनजातीय समाज की समृद्ध विरासत रही है तथा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से जड़ी बूटियों एवं औषधियों के माध्यम से ईलाज कर रहे हैं तथा लोगों का स्वास्थ्य ठीक कर रहे हैं। नाड़ी वैद्य जैसी चिकित्सा को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ की कमान आदिवासी मुख्यमंत्री के हाथों में है। मुख्यमंत्री द्वारा जनजातीय समाज एवं अन्य लोगों के हित में लगातार कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना, धान खरीदी जैसी शासन की योजनाओं से जनसामान्य की आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही है। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में पलायन की पीड़ा को समझा और उन्होंने 3 रूपए में 35 किलो चावल देने का कार्य किया, ताकि यहां के लोगों को कार्य के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। उन्होंने शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन ऋण की शुरूआत प्रदेश में की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सुख, शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वनवासी समाज का संरक्षण करते हुए प्रदेश के विकास का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि महानायक बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस हमें हमारे पुराने संस्कार, गौरव, गौरवशाली इतिहास, परंपराएं, जीवन दर्शन, मान्यता, सामाजिक ताने-बाने को जानने समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति से सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन यापन करते हैं। यह दृष्टिकोण आज के समय में भी प्रासंगिक है। मुख्य धारा से जनजाति समाज को जोड़ने के लिए कार्य करते हुए शासन के प्रयासों को बेहतर आयाम देने की जरूरत है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासभा नई दिल्ली श्रीमती सुशीला नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि इस गौरवशाली इतिहास में जब भी देश में संकट आया है तब-तब जनजातियों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। उन्होंने आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु से ही अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के लिए लड़ाई लड़ी। आदिवासी नागरिकों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए जनजातीय गौरव दिवस बहुत अच्छा आयोजन है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले शहीद वीर नारायण सिंह, गैंद सिंह, वीर गुंडाधूर, कंगला मांझी, रानी दुर्गावती को याद किया। कार्यक्रम को प्रांताध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज एमडी ठाकुर और जिला अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज नीलकंठ गढ़े ने भी जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर विकास प्रदर्शनी अंतर्गत जनजातीय समाज के नायकों की जानकारी दी गई। छात्रावास के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, रमेश पटेल, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, संतोष अग्रवाल, शिव वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासभा नई दिल्ली श्रीमती सुशीला नेताम, प्रांताध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज एमडी ठाकुर, जिला अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज नीलकंठ गढ़े, समाजसेवी आत्माराम चंद्रवंशी, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम खेमलाल वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

## सी.जी.पब्लिक स्कूल में लगा आनंद बाल मेला



डोंगरगांव (दावा)। नगर के सी.जी.पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में 16 नवम्बर शनिवार को वार्षिक कार्यक्रम के तहत आनन्द बाल मेला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा अभिभावकगण उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शाला प्रांगण में आयोजित बाल मेला के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानपाठक हरिराम पुजेरी, अध्यक्षता एजाज अली हाशमी, विशिष्ट अतिथि रूद्रदेव तिवारी के करकमलों से माँ सरस्वती व पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैलचित्र में माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने पंडित नेहरू के जीवन चरित्र के विषय में अपने आशीष वचन प्रदान किये व उपस्थित अभिभावकों व बच्चों का सराहना किया।

बाल मेले में कक्षा-5 से 11वीं तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस गरिमामय आयोजन में विभिन्न प्रकार के पकवान व चटपटे व्यंजनों को प्रस्तुत किये गए. जिसमें भेल, गुपचुप, पापकॉर्न, कोल्ड्रिंक, पानी पाउच, पपड़ी चॉट, चॉट, समोसा, कचौड़ी, दही कचौड़ी, मिक्चर, स्वीट, सैंडविच, चॉकलेट सैंडविच, ढोकला, पेस्ट्री, फ्रूटी, माजा, कस्टर्ड, जूस, मैगी, पास्ता, फिंगर चिप्स, स्पेशल खीर, कप केक, मोमोस, शेवपुरी, नड्डा कवाब, अप्पे, कस्टर्ड, चनाचरपट्टी, रसगुल्ला, इटली, साबुदाना बड़ा, चाउमीन, केलाचिप्स, चाइनिश पकोड़ा, पुलाव, सोया चिल्ली, कटलेट, फ्रूट कस्टर्ड, ब्रेड पकोड़ा आदि तरह-तरह के पकवानों का स्टॉल प्रमुख रूप से शामिल किया गया था। आनन्द बाल मेला को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शाला के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा, उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रकाश कुमार यादव ने दी।

# गांधी चौक में चाकू के वार युवक घायल

**दो नाबालिग सहित 3 आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गांधी चौक में शनिवार की बीती रात चाकू चला गया। रात में 11-12 बजे के दरमियान हुई इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र में घटी उक्त घटना के संबंध में थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपियों द्वारा रात्रि में एक सन्नी नामक युवक पर गांधी चौक के पास धारदार चाकू से गंभीर चोट पहुंचा कर प्राणघातक हमला किया गया।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी पकड़ लिए गए, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो नग लोहे का धारदार चाकु व एक मोटर सायकल जब्त किया गया। आरोपियों के नाम- भुनेश्वर रजक उर्फ जिग्गू पिता अशोक रजक उम्र 20 वर्ष निवासी प्रभात नगर थाना बसंतपुर बताया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि प्रार्थियां श्रीमती ईशा ढोंगे पति स्व. हेमेन्द्र अवसरे उम्र 34 वर्ष निवासी दीवानपारा दीपक ज्वेलर्स के पास ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि बीती रात् 11:15 बजे दीवान पारा पुलिया गांधी चौक के पास में भुनेश्वर रजक निवासी प्रभात नगर व अन्य दो मोटर सायकल से आये और इसके भाई श्रीकेश ढोंगे उर्फ सन्नी उम्र 33 वर्ष को ठीक से रास्ते में नहीं चल सकता कहकर गाली गलौच व विवाद कर जान से मारने की नीयत से अपने पास रखे धारदार चाकू से कई बार वार कर प्राणघातक हमला किया गया। जिसके चलते गंभीर हालत में उसे ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करना बतायी। इस पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 709/24 धारा 296, 109, 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया जाकर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों अवगत कराया गया।

### घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

श्री साहू ने बताया कि इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में रात्रि में ही थाना कोतवाली से तत्काल टीम गठित कर आरोपियों के पता साजी हेतु शहर में रवाना किया गया और आरोपी भुनेश्वर रजक एवं 02 विधि से संघर्षरत बालकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उनसे पूछताछ करने पर उन लोगों ने अपराध घटित करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 नग लोहे का धारदार चाकू व एक मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स क्रमांक सी.जी. 08 ए.एस. 5918 को जप्त कर शनिवार 16 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। वहां से आरोपियों को जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल व संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में कोतवाली थाना प्रभारी श्री साहू सहित उप निरीक्षक, धनीराम नारंगे, राधेश्याम जूर्री, प्रधान आरक्षक संदीप चैहान, अरूण कौमार्य, आरक्षक रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल, राम खिलावन सिन्हा, रामनारायण चंदेल, प्रख्यात जैन, भुनेश्वर जायसी एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

## जनजाति दिवस पर अभिलाषा के दिव्यांग बच्चों को मिला सहायक उपकरण



राजनांदगांव (दावा)। जिला प्रशासन द्वारा 15 नवंबर 2024 को जिला स्तर पर स्थानीय गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में जनजाति दिवस बहुत ही शानदार रुप से मनाया गया। इस दौरान जिलाधीश संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह के करकमलों से संस्था अभिलाषा में लाभान्वित हो रहे दिव्यांग बच्चों जिसमें नूतन रावते, देविका कोर्राम को तिपहिया सायकल व कु. वीणा नेताम को बैसाखी भेंट किया गया।

इस विशिष्ट सहयोग के लिए संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल आलोक बिंदल सदस्य अशोक श्रीवास्तव, अशोक अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, अशोक कोटड़िया, प्रकाश सांखला, सूरज बुद्धदेव, प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, द्वारा कलेक्टर और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत साथ ही उपसंचालक समाज कल्याण बी.एल.ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

## एक साल में नहीं मिला गरीबों को एक भी आवास, लंबित आवेदन की स्वीकृति जल्द करे सरकार - ऋषि शास्त्री



**पार्षद ने कमिश्नर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

राजनांदगांव (दावा)। केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन करने का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार की स्थिति बेहद ही चिंताजनक है यही कारण है कि सिर्फ ढिंढोरा पीटने के अलावा गरीबों की सुध लेने वाला कोई नहीं। नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना फेस 2 के कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें पार्षद ऋषि शास्त्री ने आयुक्त नगर निगम के माध्यम से मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र सौपा है। बता दे की पिछले 1 वर्षों में नगर निगम क्षेत्र के 2400 गरीब परिवार आवेदकों ने आवास योजना अंतर्गत आवेदन किया परंतु अब तक 1 आवेदन की भी स्वीकृति नहीं मिल पाई है पार्षद ऋषि शास्त्री ने मांग रखी है कि लंबित आवेदकों को हितग्राही बनाते हुए आवास योजना का अति शीघ्र लाभ दिलाने लगातार प्रयास किया जा रहा है ऐसे में क्या सिर्फ गरीबों को महज सपनों के आशियानों की इच्छा के बुते धरातल पर कुछ नहीं वाली स्थिति के भरोसे ही रहना होगा या प्रदेश के मुख्यमंत्री गरीबों के आवास के लिए राशि स्वीकृत करेंगे।

# कन्हारपुरी में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर की चोरी

**पार्षद ने थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की, पुलिस जुटी जांच में**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 में बीते रात को कुछ अज्ञात चोरों ने दुकानों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वार्ड पार्षद महेश साहू ने आज कोतवाली थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन लेकर थाना प्रभारी से मिले।

जिस पर थाना प्रभारी ने जांच का आदेश दिया है। श्री साहू ने बताया कि रितेश साहू पिता टहल दास साहू निवासी कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 का रहने वाला है। जो की कन्हारपुरी तिरंगा चौक में दुकान साहू कंप्यूटर के नाम से चलता है। बीते रात्रि 7:30 बजे दुकान बंद करके घर गया तथा आज सुबह दुकान खोलने आया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे सामग्रियों चश्मा, गिफ्ट तथा गल्ला टूटा हुआ था। जिसमें रखा हुआ नगद 5000 रुपये गायब है। साथ ही दुकान में रखें फर्नीचर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। इसके अलावा वहीं मगेज साहू पिता गिरधर साहू निवासी कन्हारपुरी मुक्तिधाम के पास चाय-होटल का दुकान चलाता है। आज सुबह 5:30 बजे दुकान खोलने आया तो ताला टूटा हुया था।

दुकान में सामग्री सिगरेट, बीड़ी व गल्ले में रखे 3500 रुपये नगद चोरी हो गया। साथ ही और भी कुछ दुकानों का ताला अज्ञात चोरों के द्वारा तोड़ने का प्रयास किया गया लेकिन उसमें असफल रहा। इस तरह की घटना वार्ड में होने से वार्ड पार्षद ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग अज्ञात चोरों के खिलाफ की हैं।

# विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छ.ग. द्वारा विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का शुभारंभ दिनांक 14 नवम्बर को शा.पू.मा.शाला पदुमतरा, विकासखण्ड जिला-राजनांदगांव में प्रवास बघेल जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट, जिला संगठन आयुक्त मयुख श्रीवास्तव, देवेन्द्र अम्बादे जिला सचिव स्का. गाइड एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सह सहायक जिला आयुक्त के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती ललिता मोहन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत पदुमतरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगत सिंह ठाकुर, बी.आर.सी. राजनांदगांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.के. यदु प्रभारी प्राचार्य शा.उ.मा.शाला पदुमतरा, मिलिंद मुदलियार व्याख्याता कन्हारपुरी, दुर्गाराम साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति, सी.ए.सी. पदुमतरा, कन्हारपुरी, तिलई, प्रधान पाठक प्रा.शा./पू.मा. शाला पदुमतरा, वि.ख. सह सचिव श्रीमती अर्चना नेताम, शिविर संचालक गाइड श्रीमती भारती रजक की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। उक्त शिविर में 170 स्काउट/गाइड/रोवर/ रेंजर, 10 सर्विस रोवर रेंजर एवं 12 स्काउटर एवं गाइडर सम्मिलित हुए।

शिविर संचालक तिलेश्वर बघेल द्वारा शिविर प्रतिवेदन का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संतराम साहू एडवांस स्काउटर द्वारा एवं अतिथियों का आभार डी.डी.साहू वि.ख. सचिव डोगरगांव द्वारा किया गया।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
ता. 22 से तीजा के लुगरा-2, रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
कंगूवा
कलाकार - सूर्या, बॉबी देओल, दिशा पटानी, जगपती बाबु, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले, नटराजन सुब्रमण्यम, कोवई सरला, आनंदराज, केएस रविकुमार आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




## छत्तीसगढ़ में सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में मौसम ने करवट बदल ली है। लगभग सभी हिस्सों में हल्की ठंड तो कहीं कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। लोग अपने आप को ठंड़ी हवाओं से बचाने के लिए अलाव का सहारा लेने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में आसमान साफ होते ही सर्दी का असर बढ़ने लगा है। वर्तमान में रायपुर समेत सभी जिलों में दिन और रात के पारा में गिरावट होने से ठिठुरन बढ़ रही है। दरअसल, द्रोणिका के प्रभाव के कारण हवा में नमी की मात्रा घट रही है, जिसके बाद तापमान में गिरावट हो रही है।

### शुभांक

अनुमानित
बी. के.
379-9 258-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आज खेला जायेगा अग्रसेन प्रीमियर लीग का फायनल

**विजेता टीम को मिलेगी चमचमाती ट्राफी तथा नगद ईनाम**



राजनांदगांव (दावा)। अमित रूगंटा की स्मृति में खेले जा रहे अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में अग्रसेन प्रिमियर लीग का मेगा फायनल मैच आज रात्रि 08 बजे से शिवनाथ वाटिका में आरंभ होगा। इस प्रतियोगिता का समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल चेयरमेन रियल ग्रुप रायपुर तथा अध्यक्षता राम गोपाल गर्ग आई. जी. दुर्ग होगें व आनंद सिंघानिया एमडी अविनाश ग्रुप रायपुर होगें।

टाईटल स्पांसर सनग्रुप के एमडी सुनिल अग्रवाल अध्यक्षता, मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट डोगंरगढ समीर पोददार सत्या बिल्डकॉन तथा संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेसी राजनांदगांव होगें। इस प्रतियोगिता का सेमीफायनल मैच दिनांक 16 नंवबर को खेला गया पहला मैच सुरेश ब्रदर्स बनाम राधे मिनरल्स तथा दूसरा सेमीफायनल मैच स्फर्ट क्राय (प्री स्कूल) बनाम हनुमान गोयल दाल मिल के मध्य हुआ। विजेता दोनों टिम फायनल में आज आमने सामने होगें। अग्रसेन प्रिमियर लीग के वरिष्ठ सदस्य अतुल अग्रवाल, सीए विनोद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, डॉ शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा, अंकुश अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, विकास गोयल, दिव्यांश अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अमित अग्रवाल अक्की, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, निंकुज सिंघल, अंकित लोहिया, अर्चित अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज की एवं आमजन का विशेष सगयोग एवं उत्साह देखते ही बनता है प्रतियोगिता के अध्यक्ष अंकुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने कहा की सदस्यगणों को इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु आभार एवं बधाई दी।

### मैच के परिणाम

15 नवंबर को खेले गये मैच में पहला मैच अपना मार्ट बनाम सुरेश ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसमें सुरेश ब्रदर्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 109 रनों का लक्ष्य अपना मार्ट की टीम को दिया। अपना मार्ट की टीम 69 रन बनाकर पूरी टीम ऑलआउट हो गई। सुरेश ब्रदर्स ने यह मैच 36 रनों से जीत लिया मैच के हिरो रहे स्पर्श अग्रवाल। दूसरा मैच हनुमान राईस मिल बनाम राधे मिनरल्स के मध्य खेला गया। हनुमान राईस मिल पहले गेंदबाजी का फैसला किया और निर्धारित 8 ओवर में मात्र 89 पर राधे मिनरल्स को रोक दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी हुनमान राईस मिल की टीम ने मात्र 6.3 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया तथा जिसमें विनय गोयल के ने 24 गेंद पर 62 रनों की धुआधार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। दिन का तीसरा और आखरी मैच राम इण्डस्ट्रीज बनाम इंटिलेलोटस के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस इंटिलेलोटस ने जीता तथा गेंदबाजी का फैसला किया राम इण्डस्ट्रीज पहले बल्लेबाजी करते हुये 65 रन ही बना पाई। इंटिलेलोटस की टीम ने 6.4 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया तथा जिसमें विमल गोयल ने 33 रनों का योगदान दिया तथा मैन ऑफ द मैच बने। यह जानकारी प्रचार प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल व नमन पोददार ने दी।

# जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा धान खरीदी उत्सव





**0 किसानों ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की**
**0 किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को तहे दिल से कहा शुक्रिया**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान खरीदी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। किसानों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में किसान धान उपार्जन केन्द्रों में अपना धान लेकर पहुंच रहे हैं। किसानों ने धान उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं की प्रशंसा की। ग्राम खैरझिटी के किसान गोविंदराम साहू अपने ट्रेक्टर पर धान उपार्जन केन्द्र पदुमतरा धान की बिक्री के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे महामाया और मासुरी किस्म की 73 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिससे हम किसान सही मूल्य पर अपने धान की बिक्री कर पा रहे है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार धान का बहुत अच्छा समर्थन मूल्य दे रही है। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को तहे दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र पदुमतरा में किसानों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र में बारदाना की तौलाई की जा रही है, जो बहुत ही सुविधाजनक है।

ग्राम भेड़ीकला के किसान तारेन्द्र साहू धान उपार्जन केन्द्र गठुला धान की बिक्री के लिए पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे 156 क्विंटल धान की बिक्री के लिए आए है। उन्होंने कहा कि धान की बिक्री से लगभग 4 लाख 83 हजार रूपए की राशि प्राप्त होगी। यहां किसानों के लिए बहुत ही सकारात्मक माहौल है। उन्होंने बताया कि वे पहले नागपुर में कपड़ा मिल में कार्य करते थे, लेकिन कोरोना काल में उनकी नौकरी छूट गई, तो वे गांव आकर खेती-किसानी का कार्य करते हुए अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे कृषि की आधुनिक पद्धति को अपनाते हुए कृषि कार्य कर रहे है। लोगों का रूझान खेती-किसानी की ओर बढ़ा है। धान की बिक्री के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे ग्राम बोरी के किसान किसुराम देवांगन ने बताया कि उन्होंने 1.5 एकड़ में फसल ली है और उत्पादन अच्छा हुआ है। ग्राम चवरढाल के किसान चैतुराम वर्मा 190 बोरी धान बिक्री के लिए उपार्जन केन्द्र पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि 6 एकड़ भूमि पर धान की पैदावार हुई। इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री से प्राप्त राशि में खाद एवं दवा में उपयोग किया गया।

# कल से 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

## 33 राज्यों एवं संस्थाओं की बॉस्केटबॉल टीमें लेंगी हिस्सा

राजनांदगांव (दावा)। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 संस्कारधानी राजनांदगांव में 18 से 22 नवंबर तक खेली जायेंगी। प्रतियोगिता में देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक-बालिका 14 वर्ष एवं बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेगें।

**आयोजन की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप**

कलेक्टर एवं आयोजन में समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं आयोजन समिति के संगठन सचिव प्रवास सिंह बघेल ने प्राचार्यों एवं आयोजन से जुड़ें व्यायाम शिक्षकों की बैठक लेकर प्रतियोगिता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन समिति से जुड़ें सभी सदस्यों एवं अधिकारी व कर्मचारियों को कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अतिथि प्रतिभागी, अधिकारी, कोच, मैनेजर को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को नगर में उपलब्ध सुविधानुरूप आवास, मैदान, यातायात, चिकित्सा, विद्युत, स्वच्छता, पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से प्रदान करने निर्देशित किया।

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 18 से 22 नवबंर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का शुभांरभ एवं समापन समारोह का मुख्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में होगा। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 व 17 वर्ष एवं बालिका 14 वर्ष के मैच दिग्विजय स्टेडियम में खेंले जायेंगे। प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एण्ड कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़िसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल राज्यों के साथ सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीसीएमसी, आईटीजीएस स्पोर्ट्स आर्गनाजेशन, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के अलावा मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल 14 वर्ष में 336 बालक, 17 वर्ष में 383 बालक एवं 14 वर्ष में 345 बालिकाओं सहित कुल 1064 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा अधिकारी, कोच, मैनेजर, निणार्यकों के स्पर्धा में सम्मिलित होने की स्वीकृति मिल चुकी है एवं प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमें 16 नबंवर से संस्कारधानी में पहुंचेंगी। आयोजन समिति के सदस्य एवं कर्मचारी खेल मैदान, आवास के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए है।

# दो कद्दावर नेता से डरे हुए हैं कुलबीर छाबड़ा - शरद सिन्हा

**कहा- अपनी असफलता और पिता-पुत्र की लोकप्रियता से चिढ़कर अनर्गल बयानबाजी न करें**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम के वरिष्ठ भाजपा पार्षद शरद सिन्हा ने अपने पड़ोसी वार्ड के वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा को लोकप्रिय नेता डॉ.रमन सिंह और अभिषेक सिंह पर अनर्गल आरोप लगाने के लिए जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अपनी लगातार राजनीतिक असफलता से छाबड़ा जी सठिया गए हैं। जबकि अभी उनकी उम्र सठियाने की नहीं है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि राजनांदगांव में पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह तथा उनके सुपुत्र पूर्व सांसद अभिषेक सिंह की लंबे समय से लोकप्रियता उन्हें हजम नहीं हो रही है। तभी तो छाबड़ा जी दो लोकप्रिय नेताओं के खिलाफ लगातार विष वमन कर रहे हैं। गोल बाजार पार्षद शरद सिन्हा ने आगे कहा कि कुलबीर सिंह ने यह कैसे सोच लिया कि अभिषेक सिंह को भाजपा से महापौर प्रत्याशी बनाए जाने की तैयारी में उन्हें जनता के बीच साथ में घुमाया जा रहा है। श्री छाबड़ा ने इसके लिए हैसियत भी पूछ दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि इसका उत्तर स्वयं कुलबीर सिंह छाबड़ा के पास भी है। उन्हें मालूम है कि डॉ. रमन सिंह और अभिषेक सिंह जन-जन के नेता हैं। उनके रहते राजनीति में श्री छाबड़ा की कोई दाल नहीं गल रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि बेहतर यही होगा कि कुलबीर सिंह छाबड़ा अपना वार्ड अपनी पार्टी देखे निगम में उनकी सत्ता है। तो पहले अपनी पार्टी की महापौर से पटरी बिठाए ईमानदारी से जनता की सेवा करे। दम हो तो अपनी लकीर बढ़ाए दूसरों की लकीर मिटाने की कोशिश न करे इसी में उनकी भलाई होगी और जनता की भी।

# लक्ष्य से भटकी सरकार की धान खरीदी में खुली पोल - शाहिद भाई



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार की बेसुधी और अकुशल नीति की पोल पहले दिन की खरीदी से ही खुल गई है।

सरकार ने जिले में पहले दिन 2556 किसानों टोकन जारी कर 1 लाख 20 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया था उसमें से सिर्फ 1471 किसानों ने 62362.80 क्विं. धान बेचे हैं इसी प्रकार मोहला मानपुर चौकी जिले में मात्र 159 किसानों ने 6464 क्विं एवं खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में 931 किसानों ने 47 हजार का धान बेचा है जो पहले दिन के लक्ष्य का आधा ही है। 14 नवम्बर से 31 जनवरी तक में मात्र 47 दिन ही खरीदी होगी ऐसे में 160 लाख मीट्रिक धान के अपने लक्ष्य को सरकार पा ही नहीं सकती।

**3217 रु एकमुश्त नगद भुगतान करें सरकार**

महामंत्री शाहिद भाई ने आगे कहा कि 1 नवंबर से धान खरीदी ना कर छग सरकार ने अन्नदाता किसानों से साजिश कर राज्योत्सव व दीपावली की दोहरी खुशी से वंचित करने 14 तारीख से धान खरीदी प्रारंभ किया गया है। छ.ग. में भाजपा ने चुनाव में किसानों को 21क्विं धान 3100 की दर से खरीदने के साथ एक मुश्त राशि देने की बात मोदी की गारंटी बताते ग्राम पंचायत स्तर पर नगद काउंटर खोलने की बात कहने वाली भाजपा सत्ता पाने अपने इस वादे से भी मुकर कर अपना किसान विरोधी चेहरा उजागर किया है। खरीदी केंद्रों में वृद्ध किसानों के लिए एक अलग से काउंटर खोलने की भी आवश्यकता है ताकि उनको असुविधा न हो।

छ.ग में सरकार अपराध नियंत्रण में बेबस साबित हो रही है और छ.ग.अपराधगढ़ बन गया है क्योंकि धान खरीदी प्रारंभ होते ही कोचिए सक्रिय होकर के काम चालु कर दिए हैं प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई ने यह भी कहा कि किसानों को एकमुश्त राशि देने में असफल भाजपा सरकार किसानों को धान बेचने के बाद धान का समर्थन मूल्य 2320 पतला और 2300 मोटा की दर से 21 क्विंटल धान का ही भुगतान कर रही है ऐसी स्थिति में एकमुश्त 3100 एवं केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 की बढोतरी की है ऐसी स्थिति में किसानों को 3217 रु प्रति क्विंटल की दर से नगद भुगतान की जानी चाहिए जो करने की मंशा छ.ग. की सरकार नहीं है जो सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय एवं किसानों को मिलने वाली राशि का गबन है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर गोबर से बने दीपक से हुआ दीपदान



राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर राजनांदगांव शहर के प्रसिद्ध दीपदान स्थल मोहारा नदी में दीपदान के लिए गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा देशी गाय के गोवर से बने तैरने वाले दिये की व्यवस्था की गई थी। जल प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु बनाए गए गोबर के दीपक का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीपदान के लिए उपयोग किया। नदी के पानी को प्रदूषित करने वाले दीयों के बदले प्राकृतिक रूप से देशी गाय के गोवर से बने दीयों की जगमग से लोगों को जल प्रदूषण के प्रति जागरूक भी किया गया। एक वर्ग जहां थर्माकोल, डिब्बे, प्लास्टिक के दोना-पत्तल आदि से प्रदूषण युक्त दीपदान कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए जागरूक श्रद्धालु गोवर से बने दीयों से दीपदान कर रहे थे। गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नदी में दीपदान एवं स्नान की महिमा शास्त्रों में बताई गई है, लेकिन आज अज्ञानतावश नदी में दीपदान के लिए थर्माकोल, नकली तेल, प्लास्टिक, झिल्ली सहित अन्य अनुचित साधनों का प्रयोग करते हैं। नागरिकों को जल प्रदूषण के प्रति जागरूक करने एवं दीपदान के लिए एक बेहतर विकल्प देने के उद्देश्य से गोबर से बने दीये के साथ बाती व शुद्ध तेल उपलब्ध कराये गये थे। उन्होंने गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने, गौ के संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए विभिन्न पर्वों में दीपदान के लिए गोवर से बने दीपक का उपयोग करने का निवेदन किया। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य आर्य प्रमोद कश्यप, डिलेश्वर साहू, आचार्य डॉ. अपूर्व प्रधान, पुरूषोत्तम देवांगन, बाल गौसेवक आयान एवं आराध्या का विशेष सहयोग रहा।

# जिला लघु वनोपज का वार्षिक साधारण सभा संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित राजनांदगांव की 21वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 13 नवंबर को राजनांदगांव वन मंडल परिसर में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई। साधारण सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वन संरक्षक डॉ. मैच्यु व अध्यक्षता रमेश खंडेलवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक पंजीयक शिल्पा अग्रवाल शामिल थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मुच्यु ने जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित राजनांदगांव के कर्मचारियों के हित को लेकर अपने विचार रखे। इस अवसर पर साधारण सभा में वार्षिक साधारण वार्षिक आय-व्यय का पत्रक का अनुमोदन, लघुवनोपज संघ के कर्मचारियों के आवास और बीमा पालिसी के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में आमसभा नहीं कराए जाने को लेकर सवाल उठाए गए। वहीं वित्तीय वर्ष का आय-व्यय का पत्रक जमा कराया गया। अध्यक्षता करते श्री खंडेलवाल ने वर्ष 2021-22 और 2022-23 में आमसभा नहीं कराए जाने पर आपत्ति दर्ज की। इस पर मुख्य वन संरक्षक डॉ. मैच्यु ने प्रतिवर्ष आमसभा कराने के निर्देश दिए। वहीं आडिट के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि सहायक पंजीयक शिल्पा अग्रवाल ने लघु वनोपज का आडिट कराने के निर्देश दिए।

**वनोपज संघ के कर्मचारी हुए शामिल**

आमसभा में उप वन मंडलाधिकारी योगेश साहू, उप मंडल प्रबंधक रतन गजभिये, दशरथ, देवसाय, रघुनाथ शाह, मनीराम तुलावी, ढोलुराम, शंकर धावड़े, रूपेश कुमार, परसेराम, दिनेश शाह मंडावी, हरसिंह, पुरनसिंह उसारे, देवप्रसाद, पतिराम, बिरशाह, पल्टन सिंह, टीभूराम तारम, रोहित कुमार सलामे, कपिल कोमरे, विश्वनाथ, डेरहाराम मेश्राम, नम्मूराम पिस्दा, किसनराम, नंदूराम, रोधनलाल, पंचराम समेत लघुवनोपज संघ के अन्य कर्मचारी शामिल थे। उक्त जानकारी जिला लघु वनोपज संघ के प्रतिनिधि रमेश खंडेलवाल ने दी।

# भनारदोहा पोलों त्यौहार के दिन जादू-टोना के नाम पर हुई थी हत्या, हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव श्रीमति सुषमा सावंत द्वारा जादू-टोना के नाम पर युवक की हत्या के मामले में संपूर्ण विधारण बाद फैसला सुनाते हुये अभियुक्त कबीरदास भूआर्य आ. स्व. महार सिंग भूआर्य, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम गर्दगोटा, थाना औंधी को दलपत कोवा की हत्या करने का दोषी साबित पाते हुए भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास तथा 1000 रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में छः माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया। आरोप साबित न पाये जाने पर अभियुक्त कबीरदास भूआर्य को छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, 2005 की धारा 04 एवं 05 से दोषमुक्त किया गया है।

मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से पैरवी करने वाले जिला लोक अभियोजक नारायण कन्नौजे ने बताया कि, थाना औंधी क्षेत्र के ग्राम मर्दगोटा, बोड़ेगाँव, नेवरगाँव, मेढ़ाखुर्द एवं मोरचुल के सभी गाँव वाले साल में एक बार रीति-रिवाज अनुसार ग्राम मोरचुल की सरहद में देवी-देवता के पूजा-पाठ हेतु भनारदोहा पोलों त्यौहार मनाते हैं और उस दिन सभी पाँचों गांव में खेती-किसानी और बाहरी काम-काज बंद रहता है। दिनांक 27 अगस्त 23 को भी पाँचों गाँव के ग्रामीण द्वारा उक्त त्यौहार ग्राम मोरचुल की सरहद में मनाया जा रहा था, जहाँ सभी लोग पूजा-पाठ के लिये इकट्ठा हुये थे, जिसमें बल्देव, दलपत कोवा, कबीरदास भूआर्य, रामसु दुग्गा व चैनसिंह भी शामिल थे, सभी पूजा पाठ कर वहीं खाना खा कर शाम 6 बजे के करीब अपने घर वापस जा रहे थे। ग्राम मोरचुल निवासी सावजी हलामें के खेत में बने झोपड़ी के पास बल्देव पवार, दलपत कोवा, कबीरदास भूआर्य, रामसु दुग्गा एवं चैनसिंह पहुंचे, उनके साथ रामसाय नेताम भी था, किन्तु वह पीछे नहीं आ रहा था तो उसे देखने के लिये रामसु दुग्गा एवं चैन सिंह उसी रास्ते में वापस गये और बल्देव पवार, दलपत कोवा तथा कबीर दास भूआर्य, सावजी हलामे के खेत में बने झोपड़ी में रूक गये, वहीं पर कबीरदास भूआर्य ने दलपत कोवा को यह कहते हुए लकड़ी के डण्डे से सिर में मार दिया कि, 'मेरे बड़े भाई मंगेश्वर को जादू टोना करके मारे हो।' वहाँ मौजूद बल्देव पवार ने छुड़ाने की कोशिश किया तो कबीर दास भूआर्य ने कहा कि, 'हम दोनों के बीच में आओगे तो तुमको भी मार दूंगा।' इस प्रकार कबीरदास भूआर्य द्वारा दलपत कोवा को सिर में डण्डा माने से दलपत कोवा की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। बल्देव पवार की सूचना पर थाना औंधी द्वारा मर्ग कायम कर अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया। अभियुक्त कबीरदास भूआर्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण विवेचना उपरान्त अभियुक्त कबीरदास भूआर्य के विरूद्ध चालान विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# कोलकाता जा रहे नाबालिग 5 लाख गहने व नगदी रुपयों के साथ पकड़ा गया



**घर वालों को बिना बताए नगदी, गहने लेकर अपने यूट्यूबर दोस्त से जा रहा था मिलने**

राजनांदगांव (दावा)। पांच लाख रुपए के गहने व नगदी लेकर अपने यूट्यूबर दोस्त से कोलकाता मिलने जा रहे नाबालिग को रेलवे पुलिस ने पकड़ लिया है। बताया जाता है कि वह लड़का अपने घर से बिना बताए 5 लाख से अधिक मूल्य के गहने और नकदी लेकर यूट्यूबर दोस्त से मिलने निकला 14 वर्षीय नाबालिग लड़का रेलवे सुरक्षा बल (रेसुब) की सतर्कता से पकड़ा गया। घटना शुक्रवार की है, जब रेसुब की टीम ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शालिमार एक्सप्रेस की चेकिंग के दौरान लड़के को पकड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर चेकिंग के दौरान रेसुब की टीम को शालिमार एक्सप्रेस के एसी कोच के पास एक डरा-सहमा लड़का दिखा। पूछताछ में उसने अपना नाम निवासी गराडा चौक, तिरोडा, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) बताया। उसने बताया कि वह अपने माता-पिता से नाराज होकर घर से बिना बताए गहने और नगदी लेकर यूट्यूबर दोस्त से मिलने कोलकाता जा रहा था।

लड़के के पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर उसमें 54,500 रुपए नकद, एवं 4 लाख 33 हजार के सोने-चांदी के गहने व 13 हजार रुपए कीमत का ओप्पो मोबाइल और कुछ कपड़े बरामद हुए। रेसुब ने तुरंत लड़के के मोबाइल के जरिए उसके परिजनों से संपर्क किया।

परिजनों ने बताया कि लड़का गुस्से में घर से गहने और नकदी लेकर निकल गया था और वे उसकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलते ही वे राजनांदगांव रेसुब पोस्ट पहुंचे। रेसुब ने लड़के की पहचान की पुष्टि के बाद नकदी, गहने, मोबाइल और बैग परिजनों को सुपुर्द कर दिए। परिजनों ने सही-सलामत लड़के और सामान मिलने पर रेसुब की टीम का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्रवाई में रेसुब की प्रभारी निरीक्षक तरुणा साहू, उपनिरीक्षक पीएल जुमड़े, प्रआर एनके साहू, और आरक्षक मनीष पटेल ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# पैसेंजर से टकराया बाघ : पटरी पर बैठा रहा घायल, सात घंटे आवाजाही ठप

राजनांदगांव(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाराष्ट्र के नागपुर मंडल अंतर्गत गोबरवाही- डोंगरीबुजुर्ग स्टेशन के बीच तुमसर रोड-तिरोडी डेमू गाड़ी क्र. 07811 तुमसर-तिरौड़ी पैसेंजर से एक बाघ टकराकर घायल हो गया। इस दौरान बाघ को रेस्क्यू करने में 7 घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा। सुबह लगभग 5 हुई इस घटना के बाद वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस रेस्क्यू अभियान में रेल और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाघ का रेस्क्यू किया और उसे उपचार के लिए नागपुर भिजवाया।

# क्रीडा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की समीक्षा बैठक सम्पन्न



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रान्त क्रीडा भारती की बैठक होटल इंट्री पाइन्ट रायपुर में छत्तीसगढ़ में संगठन का विस्तार प्रान्त स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग सभी जिलों में कार्यकारिणी की गठन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि राज चौधरी, महामंत्री अखिल भारतीय क्रीड़ा भारती ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को ग्राम से लेकर राज्य तक क्रीड़ा भारती की संगठन के निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। क्रीडा केन्द्र के विस्तार के लिए कार्य करना चाहिए, सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सभी परिवारों को खेल से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। सूर्य नमस्कार, क्रीडा ज्ञान परीक्षा, राष्ट्रीय खेल दिवस, हनुमान जयंती, वीर जीजा माता सम्मान के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए।

इस अवसर पर भीष्म सिंह राजपूत, अखिल भारतीय विनियामक मण्डल सदस्य ने कहा कि सभी जिले के कार्यकर्ता क्रीडा भारती का विस्तार ब्लाक व ग्राम स्तर तक लेकर जायें, सभी जिलों में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाना चाहिए, सम्मेलन में खिलाड़ियों के साथ वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान करना चाहिए। खेल सप्ताह का आयोजन करना चाहिए, खिलाड़ियों को अनुशासन प्रिय, स्वाभिमानी व देशभक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रान्त के प्रान्त मंत्री, सुमीत कुमार उपाध्याय ने सभी कार्यकर्ताओं को योजना बनाकर, क्रीड़ा भारती के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया, उन्होंने कहा कि क्रीडा केन्द्रों का नियमित रूप से संचालन होना चाहिए, खिलाड़ियों के साथ नागरिकों को भी क्रीडा केन्द्रों से जोड़ना चाहिए। ज्ञात हो कि 16-17 नवम्बर को अखिल भारतीय क्रीडा भारती का अभ्यास वर्ग होटल इन्ट्री पाईन्ट रायपुर में आयोजित किया गया है इस अभ्यास वर्ग में देश भर के विभिन्न राज्यों के लगभग 75 पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहकर क्रीडा भारती के विस्तार व कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा करेंगे।

कार्यक्रम में संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, क्रीडा भारती, कोशलेन्द्र पटेल, छ.ग. प्रान्त के सहमंत्री व प्रांत प्रचारक सुश्री नीता डूमरे, प्रदेश उपाध्यक्ष, तारनीश गौतम, सह संगठन मंत्री, गोपेश्वर कहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष, सौरभ सोनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, हर्षा साहू, सुधीर राजपाल, तारकेश मिश्रा, छगनलाल सोनवानी, तिजिन्दर बग्गा, विनोद नायर, विरेन्द्र देशमुख, सौरभ अग्रवाल, पंकज चौधरी, रोहित द्विवेदी, भूपेश पुष्पकार, हरिश शर्मा, सतीश कुमार यादव, देवा गढ़वाल, अन्नूदेविका, पल्लवी, व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन, प्रान्त मंत्री सुमीत कुमार उपाध्याय व आधार प्रदर्शन प्रान्त उपाध्यक्ष, गोपेश्वर कहरा ने किया।

# मड़ई-मेला में लोगों को डरा धमकाकर दहशत फैला रहे बदमाशों को पुलिस ने धरदबोचा




राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा के दिन गांवों में आयोजित मेला-मंडई के दौरान लोगों को डरा धमकाकर दहशत फैलाना वाले बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से धारदार चाकू की बरामदगी की है, और इनके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

चौकी चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि गांवों में होने वाले मंडई मेला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे, सतत अभियान के तहत कार्तिक पूर्णिमा के दिन 15 नवंबर को चौकी चिखली क्षेत्र के ग्राम कांकेतरा के मड़ई में चाकू लहराकर लोगों में भय उत्पन्न कर रहे खोमेश मोटघरे पिता चितेन्द्र मोटघरे उम्र 24 साल निवासी ग्राम बरगाही ओपी सुकुलदैहान थाना लालबाग को धर दबोचा गया और उसके विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।

श्री बंजारे ने बताया कि इसी प्रकार ग्राम कांकेतरा मंडई मेला में शांति भंग करने के उद्देश्य से शराब पीकर मड़ई में आये आम लोगों को गाली गलौच कर रहे संज्ञेय अपराध की प्रबल आशंका पर अनावेदकगण धनेश्वर उर्फ राजा साहू पिता नोहर साहू उम्र 24 साल निवासी लखोली जैतखाम चौक वार्ड नं. 34 थाना कोतवाली तथा चुरामन सिन्हा पिता दीक्षित सिन्हा उम्र 23 साल निवासी ग्राम कांकेतरा पुलिस चौकी चिखली को एवं शराब पीकर अपनी पत्नि से वाद विवाद कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले अनावेदक दिनेश वर्मा पिता स्व. जैनलाल वर्मा उम्र 36 साल निवासी बजरंगपुर नवागांव के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

## अनमोल दावा

**किसी व्यक्ति के श्रम का सच्चा प्रतिफल वह नहीं है जो उसे मिलता है, बल्कि यह है कि वह उस परिश्रम से क्या बनता है।**

## सम्पादकीय

# डोनाल्ड ट्रम्प की टीम में चौंकाने वाले नाम

राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल किए डोनाल्ड ट्रम्प अपनी टीम बनाने में जुट गए हैं। महत्वपूर्ण पदों पर उन्होंने किसको शोभायमान करना है? इसकी घोषणा कर दी है। ट्रम्प की टीम में अनेक चकित करने वाले नाम हैं। किन्तु, सर्वाधिक आश्चर्यजनक कई नाम भी हैं, जिसमें प्रथम क्रम में तुलसी गबार्ड का है। वह एक जानी-मानी राजनीतिज्ञ है। केवल 32 साल की आयु में ही डेमोक्रेटिक पार्टी की टिकिट पर चुनाव जीतकर सांसद चुनी गई थी। किन्तु, बाद में डेमोक्रेटिक पार्टी डांवाडोल होते ही रिपब्लिकन पार्टी में आ गई थी।

2016 में ट्रम्प ने पहली मर्तबे राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था, तब उसके सामने तुलसी गबार्ड की कट्टर प्रतिद्वंदी हिलेरी क्लिन्टन मैदान में थी। तुलसी ने ट्रम्प की मदद की थी। इस समय भी ट्रम्प को अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में भी तुलसी ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। तभी से समझा जाने लगा था कि तुलसी को ट्रम्प की टीम में लिया जाएगा। किन्तु, ट्रम्प, तुलसी को सीधे नेशनल इन्टलिजन्स का डायरेक्टर बना देंगे, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी।

नेशनल इन्टेलिजन्स डायरेक्टर के अधीन आर्मी, नेवी, एयरफोर्स के अलावा अनेक गुप्तचर संस्थाए काम करती हैं। डोनाल्ड ट्रम्प डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी ज्वाइन की थी और अपनी कट्टर समर्थक तुलसी गबार्ड को नेशनल इन्टेलिजन्स डायरेक्टर नियुक्त कर दिया, इसकी किसी को कल्पना नहीं थी। तुलसी गबार्ड के हाथ के नीचे युनाइटेड स्टेट की 18 जासूसी एजेन्सियां होगी। अमेरिका में नेशनल इन्टेलिजन्स का करोड़ो डालर का बजट है। इसके नेटवर्क में 10,000 स्थानों से संचालित 1,271 सरकारी संस्थाएं और 1931 निजी कम्पनियां शामिल हैं। यहां 10 लाख से अधिक काम करते हैं। चकित करने वाली बात यह कि तुलसी गबार्ड को इसके पहले इन्टलिजन्स का कोई अनुभव ही नहीं है। इसके बावजुद, तुलसी को इतने विशाल विभाग की जवाबदारी सौंपकर ट्रम्प इससे क्या साबित करना चाहते हैं? यह सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि, सेन्ट्रल, इन्टेलिजन्स एजेंसी (सीआईए) तो अमेरिका के शत्रु देशों के सामने सबसे बड़ा हथियार है।

तुलसी गबार्ड एवरिका हेन्स का स्थान लेगी। एवरिका हेन्स को वर्षो का अनुभव हैं। वह मूलतः वकील रही हैं। उसके दीर्घ अनुभव की तुलना में तुलसी गबार्ड का इन्टेलिजन्स में अनुभव शून्य है। डोनाल्ड ट्रम्प आगामी जनवरी माह में अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। अपनी टीम की घोषणा के पहले ही कर चुके हैं। टीम में अनेक नए चेहरों को स्थान मिला है। अपने पुराने साथियों को भी उन्होंने अपनी टीम में रखा है। जिसमें तुलसी गबार्ड के बाद, सर्वाधिक चर्चा एलन मस्क की है। डोनाल्ड ट्रम्प ने एलन मस्क और भारतीय मूल के नेता विवेक रामास्वामी को अपनी नई टीम में विशेष जवाबदारी देनें का निर्णय लिया है। ट्रम्प ने अपनी नई टीम की घोषणा करके विश्व के तमाम देशों को एक संदेश देनें का भी प्रयास किया है। उनकी टीम में तुलसी गबार्ड, एलन मस्क और रामास्वामी दिग्गजो के शामिल होने से भविष्य के नीतियों की रूपरेखा सामने आ रही है।

वैसे फिलहाल डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी टीम में रक्षामंत्री के रूप में एक टेलिविजन चैनल के एक रिपोर्टर का चयन किया है, उससे विवाद गर्माया भी है। ट्रम्प ने रक्षामंत्री पद के लिए पीट हेगसेथ को चुना है, जिसका इस क्षेत्र में कोई अनुभव नहीं है। विश्व में वर्तमान में दो-दो युद्ध चल रहे हैं। जिसमें अमेरिका पूर्ण रूप से परोक्ष रूप से शामिल है। ऐसे समय पीट हेगसेथ का चयन अमेरिका के सैन्य विशेषज्ञों के गले नहीं उतर रहा है।

## छत्तीसगढ़ : ऊर्जा क्षेत्र में अतीत से आगत का चुनौतीपूर्ण सफर

# विद्युत ऊर्जा : छत्तीसगढ़ में चुनौतियों से भरा एक शताब्दी का सफर

## छत्तीसगढ़ को पॉवर हब बनाने में दूरदर्शी नेतृत्व की भूमिका अहम

(विकास शर्मा)





**पॉवर कंपनी की स्थापना की रजत जयंती पर विशेष**

बिजली है तो यह आधुनिक जीवन है। जल और वायु के बाद विद्युत मानों जीवन की अनिवार्यता हो गई है। लेकिन क्या आज की पीढ़ी इस बात को स्वीकार करेगी कि भारत में सिर्फ 150 वर्ष पहले यह विद्युत ऊर्जा शब्दकोष का हिस्सा भी नहीं था और छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में यह सिर्फ एक शताब्दी का मामला है। स्वतंत्रता के पश्चात देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए विद्युत ऊर्जा के महत्व को समझा गया और इसे गति प्रदान करने के लिए भारतीय विद्युत आपूर्ति अधिनियम 1948 लागू किया गया। उस दौर में छत्तीसगढ़, सेन्ट्र्ल प्राविंस तथा बरार प्रांत का हिस्सा था। छत्तीसगढ़ समेत पूरे प्रांत की राजधानी नागपुर थी जहाँ पहली बार 1905 में बिजली के बल्ब की रोशनी को लोगों ने देखा। लेकिन छत्तीसगढ़ को बिजली के लिए लगभग एक दशक का और इंतजार करना पड़ा।

### पहली बार आई बिजली

छत्तीसगढ़ में पहली बार बिजली रायपुर और बिलासपुर में नहीं बल्कि अंबिकापुर में आई। यहाँ आज से ठीक एक शताब्दी पहले 1915 में लोगों ने बिजली से नगर को रोशन होते देखा। सारंगढ़ में 1924, छुईखदान में 1926, रायपुर और राजनांदगांव में 1928, जगदलपुर और बैकुंठपुर में 1929, खैरागढ़ में 1930, रायगढ़ में 1931, बिलासपुर में अक्टूबर 1934 और जशपुर में 1941 में बिजली आपूर्ति के प्रमाण हैं। इन्हीं दशकों में बीजापुर, कांकेर समेत कई अन्य स्थानों पर छोटे पॉवर जनरेटरों के जरिए आवश्यक सेवाएं बहाल होती रहीं।

### छुईखदान ने मारी बाजी

दुर्ग संभाग में सबसे पहले छुईखदान रियासत में बिजली से रोशनी की गई। 20 वीं शताब्दी के शुरूआती दशकों में राजनांदगाँव, छुईखदान और खैरागढ़ रियासत ने अपने यहाँ बिजली की आपूर्ति का काम प्रारंभ किया। वरिष्ठ पत्रकार विरेन्द्र बहादुर सिंह बताते हैं कि असल में राजनांदगाँव के राजा अपने यहाँ सबसे पहले बिजली लाने की तैयारी में थे जिस बारे उन्होंने अपने मित्र और छुईखदान के राजा को बताया था। इस काम में छुईखदान के राजा ने तत्काल काम शुरू दिया और अपने यहाँ 1926 में ही बिजली का उत्पादन कर दिया। राजनांदगाँव में 1928 तथा खैरागढ़ में 1930 में बिजली से बल्ब रोशन हुए। तीनों स्थानों पर डीजल आधारित संयंत्र स्थापित किए गए थे। छुईखदान में 45 किलोवॉट, खैरागढ़ में 80 तथा राजनांदगाँव में 220 किलोवॉट बिजली का उत्पादन किया जा रहा था। इन सबके बाद दुर्ग में 1951 में 75 किलोवॉट क्षमता की बिजली का उत्पादन शुरु हुआ। इस दौरान तक सभी चारों स्थानों के पॉवर स्टेशन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के अधीन हो गए थे।

### प्रदेश का 'विद्युत तीर्थ' कोरबा

छत्तीसगढ़ में विद्युत उत्पादन का पहला बड़ा पड़ाव 25 जून 1957 को आया जब तत्कालीन मुख्यमंत्री कैलाश नाथ काटजू ने कोरबा में एक सौ मेगावॉट क्षमता के कोरबा पूर्व ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए आधारशिला रखी। सच कहें तो इस संयंत्र की स्थापना, कोरबा को विद्युत तीर्थ के रूप में प्रतिस्थापित करने वाला कदम था। आज कोरबा में केन्द्र, राज्य और निजी क्षेत्र की कंपनियां हजारों मेगावॉट बिजली का उत्पादन कर रहीं हैं। वर्ष 2000 के आते तक छत्तीसगढ़ में उत्पादन तथा पारेषण की क्षमता तो अच्छी थी पर मध्यप्रदेश के दौर में वितरण की व्यवस्था में कभी प्राथमिकता नहीं मिली। अब की पीढ़ी इस उपेक्षा का अहसास नहीं कर सकती न ही उस अंधकार की पीड़ा को समझ सकती है। 1992 तक मध्यप्रदेश के 45 में से 17 जिले पूर्ण विद्युतीकृत हो चुके थे इसमें से छ्त्तीसगढ़ से एक भी जिला शामिल नहीं था। सिर्फ ढाई दशक बीते हैं और यादें बहुत धुंधली नहीं है जब शेष मध्यप्रदेश में रबी फसल को पानी देने के लिए संपूर्ण छ्त्तीसगढ़ की बिजली घंटों गुल रहा करती थी।

### राज्य गठन से बदली तस्वीर

वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद गठित सरकारों ने अपनी - अपनी दलीय प्रतिबद्धताओं से परे ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाए रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पहले मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद जोगी ने साहसिक निर्णय लेते हुए 15 दिनों के अंदर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल का गठन (15 नवंबर 2000) कर दिया और उन्होंने राज्य के हितों से समझौता नहीं करने का स्पष्ट संदेश दिया। दिसंबर 2003 के बाद डॉ.रमन सिंह का नेतृत्व, ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश के लिए मानो स्वर्णिम युग कहा जाएगा। पॉवर सरप्लस स्टेट का दर्जा हासिल करने से लेकर अधोसंरचना का अभूतपूर्व कार्य अपने कार्यकाल में पूर्ण कराया। शासकीय से लेकर निजी भागीदारी से प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता को 20 हजार मेगावॉट तक ले जाने में सफलता पाई। डॉ रमन सिंह के बाद श्री भूपेश बघेल ने ऊर्जा क्षेत्र में चल रही सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया।

### संवारेंगे साय, बनायेंगे शक्ति समर्थ

अब प्रदेश और ऊर्जा विभाग की बागडोर एक संवेदनशील राजनेता विष्णुदेव साय के हाथों में है। विकसित होते छत्तीसगढ़ की जरूरतों को मुख्यमंत्री श्री साय ने भलिभांति समझा है और दूरगामी निर्णयों की शुरूआत कार्यकाल के प्रारंभिक समय में ही कर दी है। आज प्रदेश का हर घर रोशन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप अब प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्जा का भी हब बनाने का लक्ष्य मुख्यमंत्री ने निर्धारित कर दिया है। राज्य की पॉवर कंपनी ने भी इस दिशा में अपने कदम तेजी से बढ़ा दिए हैं। विद्युत ऊर्जा का यह सफर जो छत्तीसगढ़ में एक शताब्दी से कुछ अधिक समय पूर्व शुरू हुआ था वो निरंतर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ अब पूरे देश के लिए ऊर्जा प्रदेश और पॉवर हब बन चुका है। यह हमें गर्व की अनुभूति के साथ जिम्मेदारी का एहसास कराता है। आइये, हम अतीत के 'अंधकार' से किए गए संघर्षों, त्याग और दूरदर्शी निर्णयों से मिली सफलताओं की 'किरणों' को पहचाने और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें जिसमें आने वाली पीढ़ी हमें किसी 'ज्योति पुंज' की तरह स्मरण कर सके।

प्रकाशन अधिकारी, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर, 9329444278

## विचार सरिता

# मोहारा में शिवनाथ नदी के तट पर एक शाम

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



शिवनाथ नदी के तट पर सैकड़ो लोगों की भीड़ है। यह शाम का समय है। अवसर है मोहारा राजनांदगांव में तीन दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा मेले के शुभारंभ का। मुख्य सड़क से होते हुए मंच की ओर आता हूं, इस क्षेत्र में दुकानें लगी हुई हैं और प्रारंभिक दिवस होने के कारण अभी कई दुकानदार अपना सामान खोलने और व्यवस्थित करने में जुटे हुए हैं।

तट पर स्थित भगवान शिव के मंदिर में आरती प्रारंभ हो गई है। भगवान शिव औघड़ दानी हैं अर्थात भक्त जो मांगते हैं, वह बिना विचारे और मांग से भी अधिक दे देने वाले महादेव।आशुतोष अर्थात जल्दी प्रसन्न हो जाने वाले।परम योगी और समस्त ज्ञान- विज्ञान, ध्यान-साधना, कलाओं के आदि स्रोत। मंदिर के गर्भगृह में आरती के बाद मंत्रोच्चार और धर्म की जय हो की मंगल कामना होती है। वहां उपस्थित लोगों के दोनों हाथ प्रणाम मुद्रा में जुड़ते हैं और हर - हर महादेव की जय घोष के साथ देवाधिदेव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने के लिए भक्तों के दोनों हाथ हवा में ऊपर उठते हैं। यहां उपस्थित हैं नगर पालिक निगम राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ.डी.सी. जैन और अन्य सदस्यगण समेत भक्तगण।नब्बे वर्ष से ऊपर की अवस्था वाले डॉ. जैन की सक्रियता और ऊर्जा स्वयं में एक प्रेरणा है। सचमुच समाज के लिए कुछ करने के संकल्प में उम्र आड़े नहीं आती बल्कि लोगों को जोड़ने और उनमें नया उत्साह भरने में सहायक होती है।



इसके बाद हम सब शिवनाथ नदी के जल के समीप पहुंचे। यहां दर्शन हुए नदी की अविरल धारा के। राकेश ठाकुर, सनातन धर्म सेवा परिवार और भक्तों के प्रयत्न से नदी तट सवा लाख दीपों से जगमगा रहा है।जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के तट पर महाआरती की तैयारी हो रही है।कार्तिक पूर्णिमा निकट है और ठंड बढ़ने लगी है, इसलिए थोड़ी धुंध छाई हुई है और शिवनाथ नदी के जल ने अपने तट से अम्बर तक श्वेताभ नीलिमा की एक अद्भुत परत बिछा दी है। धरती और अंबर का भेद मिट गया है। ऐसा लग रहा है कि इस नदी ने अंबर और धरती को मिलाने के लिए एक सेतु का निर्माण कर दिया है।यह नयनाभिराम दृश्य दुर्लभ है।दीपों से झिलमिलाते नदी तट में महाआरती से आस्था और भक्ति का एक आनंदपूर्ण दृश्य निर्मित है। समय सचमुच ठहर गया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व नवनिर्मित और नव उद्घाटित सांस्कृतिक मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ त्रिदिवसीय पुन्नी मेला कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ।स्वागत उद्बोधन में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और शिवनाथ नदी के संरक्षण के लिए भगीरथ दृष्टि रखने वाले और दूरदर्शितापूर्वक कार्य करने वाले डॉ.डी.सी. जैन ने भविष्य की मांगों और योजनाओं से मंचासीन जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया। उनके उद्बोधन में नदी के संरक्षण के लिए एक गहरी चिंता,अब तक के कार्यों को लेकर एक गर्वयुक्त संतोष भाव और नदी से स्वयं उनका गहरा जुड़ाव परिलक्षित हो रहा है। अमलेंदु हाजरा की चिर परिचित उद्घोषणा जारी है। मंच पर राजनांदगांव के अनुविभागीय अधिकारी खेमलाल वर्मा और नगर निगम के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के संबोधन के बाद महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने मेला क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। सभी वक्ताओं के संबोधन में इस नदी के महत्व, इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयत्न करने की आवश्यकता और स्वयं द्वारा इसमें हर संभव योगदान करने की बात निहित थी।

मेला भारत की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण आयाम है और यह भाषा, जाति, क्षेत्र आदि भेद भुलाकर यहां आने वाले सभी लोगों को आत्मसात कर लेता है। यह एकता, भाईचारे और सौहार्द्र को बढ़ावा देने का काम करता है, इसलिए यह मेला सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और महत्वपूर्ण है। यह राजनांदगांव जिले की एक गौरवशाली पहचान भी है।

इस मेला क्षेत्र में सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ-साथ स्वयंसेवक लोगों की सुविधा और सहायता के लिए उत्तम प्रबंध करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

आयोजन स्थल में नगरपालिक निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु समेत अन्य गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के समापन चरण में ही मया के डोरी लोकमंच की ओर से कलाकार नरेश वर्मा एवं उनकी टीम ने मंच के पिछले हिस्से में अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक लोकमंच और लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को जीवंत करते हैं।

'मया की डोरी' के कलाकारों ने अपनी कला का जादू बिखेरना प्रारंभ कर दिया है। पूर्णिमा की ओर अग्रसर चंद्रमा का रूप आज सम्मोहक है। महाआरती के समय शिवनाथ तट पर लोगों की भीड़ के कारण मैं नदी का स्पर्श नहीं कर पाया था।

रात गहराने लगी है और इसी के अनुपात में ठंड भी बढ़ रही है। मैं और श्रीमती जी मंच के पिछली ओर से होते हुए नदी के तट पर पहुंचे और नदी के पवित्र जल का स्पर्श किया। हम दोनों कुछ देर वहीं खड़े होकर करबद्ध प्रार्थना करने लगे। हम दोनों ने दीपदान के बाद अपने दोनों हाथ जोड़कर कहा, ''हे पूज्य पवित्र शिवनाथ नदी! हमारी श्रद्धा की यह भेंट स्वीकार करना और छत्तीसगढ़ तथा हमारे पूरे देश में सुख,शांति और समृद्धि का नीर सदा प्रवाहित रखना।''

***शिवनाथ नदी पर मौलिक घनाक्षरी***

*नदी शिवनाथ शिवा,जीवन की दायिनी है*
*माता जैसी सबका ये, करती पालन है।*
*मेले में आनंदमग्न,जन का समागम है,*
*पुन्नी मेला में उमंग,स्वागत वंदन है।*
*ढोढरी पहाड़ी गांव, गोड़री से निकली ये,*
*जोड़ गढ़ छत्तीस को, कराती मिलन है।*
*कौशल प्रदेश की ये, नदी माता पहचान,*
*नाथ शिव घूम-घूम, देती वरदान है।*

## सामयिक चर्चा

# हर कोई चाहता है पैसा

खबर पढ़ कर,
खुश होकर
बानी बोले-''गजाधर!
एस.पी.साहब ने
राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं
थाना व चौकी प्रभारियों की
क्राइम बैठक लेकर,
निर्देशित किया कि
नशीले पदार्थों की तस्करी पर
करें सख्त कार्रवाई!
ऐसा निर्देश मुझे
बहुत अच्छा लगा भाई!
पर गजाधर! नशीले पदार्थ की
चर्चा चलने पर
आज फिर वही बात मुझे
याद आती है,
जो प्रश्न बनकर
मेरे दिल-दिमाग में
अटक-भटक जाती है।
तो आज आपसे पूछता हूँ यार!
शराब क्यों बेचती है सरकार?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''देखो,
चाहे नेता हो, अफसर हो,
या हो वह ठेकेदार!
आज पैसा कौन नहीं चाहता भाई?
तो अपनी सरकार भी,
शराब बेच कर, करती है कमाई!''



**गिरीश बख्शी**

## विचार मंथन

# गुम होती किताबों के दौर में

बचपन बीता, जवानी में जिम्मेदारी और महत्व को तलाशता बुढ़ापा। जीवन के ये दौर बदलाव के साथ-साथ अनुभव छोड़ जाते हैं।

बचपन की चुनिंदा यादों को छोड़, हर मनुष्य के अपने जीवन के उतार चढ़ाव के पल मानस पटल पर चिरस्थायी रूप में विद्यमान होते हैं। विद्यार्थी जीवन के दौर में किताबों से विरक्ति स्वाभाविक रूप में पैदा होने लगती है। जिनको सुविधा का साजो सामान मिलता है, वे तो अपने पालक के भय से निश्चय ही किताबों के प्रति मोह पैदा कर बैठते हैं, इसके विपरीत, परिस्थिति वालों के दौर में किताब ही दुश्मन है, यह नजरों मे समा जाता है, जिसे चाहकर भी विद्यार्थी अपने मानस पटल से नहीं हटा पाता।

यही अपने जीवन के स्वर्णिम भविष्य के विपरीत अवधारणा होती है। कल ही देखो, 14 नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन था। हर बच्चा आपने हुनर को प्रदर्शित करने को आतुर रहा। कोई चाट कोई भेलपूरी कोई पानी पूरी,कोई समोसे, कोई कचोरी, तो कोई कुछ और। सबने अपने अपने तरीके से स्वादिष्ट व्यंजन बनाया। अपनी पाक कला का प्रदर्शन बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया।

जैसे ही अध्ययन की बारी आई, किताबों से विरक्ति ही विरक्ति, वही बच्चा जब बीच में पढ़ाई छोड़ कर बीस वर्ष का जवान हो गया तब बीच चौराहे मे बैठ समाचार पत्र मे दिए गए शब्द माला को ध्यान पूर्वक भरने की व्यर्थ कोशिश में लगा रहता है। व्यर्थ समय ही उसका किताबों से मोह बढ़ा रहा था। वह धीरे धीरे किताब पढ़ने की ओर आकर्षित होने लगा था। हमारी प्रारम्भिक शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी को आकर्षित करे, वह रुचिकर हो, इस दिशा में पहल होना ही किताबों के दौर की फिर से वापसी कराएगा।



अन्यथा एक दिन ऐसा भी आएगा जब पढ़ाई से नाता तोड़ चुके और खाली समय में शब्द सागर भरते बैठे ये बच्चे पूरी तरह मोबाइल इंटरनेट की दुनिया के गुलाम बन जाएंगे।

**गजेंद्र बख्शी, अधिवक्ता**
32 रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3, राजनांदगांव
मो. 9827184147

## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के जो लोग बिजनेसमैन है आज कहीं अच्छी जगह निवेश कर सकते है। जिसका फायदा आपको भविष्य में होगा। आज ऑफिस की तरफ से ऑनलाइन कोई बिजनेस मीटिंग जॉइन कर सकते है। अपने मेल को एक बार अच्छे से चेक करके जरुर जाएं।

**वृषभ**
आज का दिन बेहतरीन रहेगा। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें । इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा । बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। इस राशि के लोग आज अपने जीवनसाथी के साथ घर पर ही साथ मूवी देखने का प्लान कर सकते हैं । किसी को पहले उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा । आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। साथ ही आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी, क्योकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती है ।

**सिंह**
आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं तो आपके लिए अच्छी साबित हो सकती हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा। जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। वैवाहिक बंधन में बंधने के लिए आज का दिन अच्छा है।

**कन्या**
आज किसी दोस्त से अपनी कोई पुरानी बातें भी शेयर करेंगे, जिससे आप बनावटी और सच्चे प्यार में अंतर समझ पाएं। आज पूराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाऐंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाऐगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा। आज पैसों के लेन-देन से बचें। कहीं निवेश कर रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज अपने गुस्से पर कंट्रोल करें इससे आपके बिगड़ते हुए काम पूरे हो जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नये जॉब के लिए कॉल आ सकती है।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से लेक्चरार के लिए ऑफर आ सकता है। साथ ही लॉ के स्टूडेंट्स आज आगे की पढ़ाई करने के लिए फार्म भर सकते है। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपके सारे कामों में सफलता जरुर मिलेगी।

**धनु**
आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी ।आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। अगर कहीं निवेश करना चाह रहें है तो आज न करें। इससे आपको घाटा हो सकता है। आज अपने निजी सपनों और महत्वाकांक्षाओं की पूरा करने के लिए कोशिश करने का अनुकूल समय है।

**मकर**
आज आपका दिन खास रहेगा। इस राशि के अविवाहितों को आज विवाह के लिए शादी का प्रस्ताव आ सकता है। जिससे आपके घर का माहौल अच्छा रहेगा। आज सोशल मीडिया पर किसी ऐसे व्यक्ति से बात हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरुरी कामों में हाथ बटा सकते है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है। आज आपको माता-पिता से स्नेह मिलेगा। किसी कार्य को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी। जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे। आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। संचार सेवा और इंटरनेट से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। इस राशि के बिजनेस वाले लोग अपने जरूरी कागजों को संभालकर रखें साथ ही कागजी कार्यवाही में सावधानी रखें। कानूनी मामले में आपको थोड़ी राहत मिल सकती है।

# लोकार्पण पट्टिका हटाने का मामला गरमाया: मामला ग्राम पंचायत अर्जुनी का



**कांग्रेस समर्थित सरपंच पर कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता ने लगाया आरोप**

डोंगरगाँव (दावा)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अर्जुनी में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की स्मारक से लोकार्पण पट्टिका को हटाये जाने का मामला तूल पकड़ लिया है, यहां वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने कांग्रेस समर्थित सरपंच पर श्रीमती गांधी व कांग्रेसजनों के नाम को हटाये जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। बता दें कि ग्राम अर्जुनी में सब्जी बाजार स्थित स्मारक को लेकर यह मामला अब गरमाने लगा है, कांग्रेस के वरिष्ठजन ही इस मामले को पार्टी फोरम सहित शासन प्रशासन तक शिकायत करने के मूड में हैं। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत अर्जुनी के पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य तथा ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व महामंत्री ताराचंद छाजेड़ सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि विगत सत्रह वर्ष पूर्व ग्राम के बाजार एरिया में प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा की स्थापना व लोकार्पण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था। उक्त स्मारक स्थल पर चारदीवारी सहित लोहे का प्रवेश द्वार एवं साइन बोर्ड लगाया गया था, जिसकी समस्त जानकारी लोकार्पण पट्टिका में लिखित थी तथा उक्त समारोह में उपस्थित अतिथियों के नाम एवं पदनाम अंकित था।

श्री छाजेड़ ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान सरपंच पद ग्रहण करने के बाद पंचायत के कोने में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती गांधी की प्रतिमा पड़ी थी, जिसकी जानकारी होने के पश्चात् ग्राम पंचायत मद से ही उक्त स्मारक स्थल का निर्माण कर प्रतिमा को स्थापित किया गया था, जो कि तत्समय में ब्लॉक में एकमात्र स्मारक स्थल था, परन्तु वर्तमान में उक्त स्थल को जीर्णोद्धार के नाम पर स्तरहीन टाईल्स लगाकर एवं जानबूझकर लोकार्पण पट्टिका को नष्ट कर दिया गया। जिसकी शिकायत पार्टी एवं उच्च कार्यालय में किये जाने की बात श्री छाजेड़ ने की है।

बता दें कि उक्त स्मारक स्थल स्टेट हाइवे के किनारे ही है, जिसकी स्थापना कांग्रेसजनों के द्वारा ही की गई है एवं लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारीगणों ने शिरकत की थी। वर्तमान में बीते वर्ष विधायक दलेश्वर साहू के द्वारा दिये गये 60 हजार रू. के अनुदान से उक्त स्मारक स्थल के जीर्णोद्धार के लिए दिया गया था, जिसके निर्माण में लोकार्पण पट्टिका को नष्ट किये जाने की बात सामने आई है। ज्ञात हो कि उक्त जीर्णोद्धार कार्य की निर्माण एजेंसी वर्तमान सरपंच कांग्रेस से ही हैं, ऐसे में कांग्रेस में असंतोष के गहराने के आसार हैं। इस संबंध में वर्तमान सरपंच द्रोपती साहू ने बताया कि उक्त कार्य को पंचायत प्रस्ताव कर एक पंच के माध्यम से कराया गया था, लोकार्पण पट्टिका की जानकारी उनको नहीं है यदि पट्टिका ग्राम पंचायत में कहीं रखी होगी तो उसे वापस लगा दी जायेगी, इस संबंध में श्री छाजेड़ ने तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के लोकार्पण चिन्हों को हटाकर उनकी गरिमा खंडित करने का प्रयास किया गया है, जिसकी शिकायत पार्टी फोरम सहित उच्च स्तर पर की जायेगी, ऐसा करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जायेगा।

# मोदी की गारंटी फेल : पक्का मकान का सपना अधूरा



**स्वीकृत पीएम आवास पर चला बुलडोजर, कर्ज में डूबा हितग्राही**

डोंगरगाँव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास को आधा निर्माण होने के बाद बुलडोजर से गिराने का मामला सामने आया है, कर्मचारियों और अधिकारियों के हिटलरशाही के चलते हितग्राही को आज तक न तो इस आवास को गिराने का कोई ठोस कारण बताया जा रहा है और न ही आवास में मिलने वाली राशि का ही भुगतान हो पाया है, जिसके चलते हितग्राही का पूरा परिवार परेशान है और कर्ज की बोझ में दब गया है, एक ओर जहाँ शासन प्रधानमंत्री आवास को लेकर काफी गंभीर है, वहीं प्रशासनिक अधिकारी गरीबों का मजाक बनाने में लगे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत डोंगरगाँव के वार्ड क्र.1 में निवासरत महेन्द्र यादव के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, जिसके बाद उसके व्दारा अपने पट्टा प्राप्त स्थल पर मकान का निर्माण प्रारंभ किया गया था. निर्माण के पूर्व नगर पंचायत व्दारा बकायदा मकान का नक्शा स्वीकृत किया गया था और जीईओ टेग फोटोग्राफी करने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। सभी नियमों और कागजी प्रक्रियाओं का पूर्ण करने के बाद प्रारंभ किये गए। इस आवास निर्माण के प्लींथ लेबल तक निर्माण होने के बाद एक बार पुनः जीईओ टेग फोटोग्राफी किया गया लेकिन हितग्राही के खाते में कोई भी रकम नहीं दिया गया और न ही इस विषय में उसे कोई जानकारी दी गई।

शासकीय राशि आने में देरी होने के चलते हितग्राही महेन्द्र यादव ने अपना काम जारी रखा और दीवारें उठने के बाद काम रोककर छत ढालने की तैयारी के लिए पैसे की व्यवस्था के लिए अपने पैतृक गांव गया था। इसी बीच महेन्द्र को नगर पंचायत से एक पत्र मिला, जिसमें उसे काम रोकने कहा गया था चूंकि काम पहले ही रोका जा चुका था इसलिए महेन्द्र निश्चिंत था लेकिन इसके कुछ दिवस बाद ही उसके मकान को अधिकारियों व्दारा ढहा दिया गया और इसमें नगर पंचायत की जेसीबी, ट्रेक्टर आदि का उपयोग किया था, आवास ढहाने के बाद निर्माण स्थल से ईंट, सरिया सहित बिल्डिंग मटेरियल भी जब्त कर लिया गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद हितग्राही अब अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है लेकिन कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है कि किसके इशारे पर यह कृत्य किया गया। शासन-प्रशासन और उनके कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आवास के नाम पर इस गरीब का बड़ा नुकसान हो गया है और उसे आज भी अपने बच्चों के साथ किराये के मकान में गुजारा करना पड़ रहा है, इसके साथ ही निर्माण के लिए लिया गया कर्ज भी उसके सिर पर है. मैं यहाँ नवपदस्थ हूं और यह मामला मेरी जानकारी में नहीं है, कर्मचारियों से जानकारी लेने पर पता चला है कि विगत 6-7 माह पूर्व इसे तोड़ा गया था लेकिन किसने करवाया है या क्यों करवाया गया, इसकी जानकारी नहीं है।

**- विनम्र जेमा सीएमओ नगर पंचायत डोंगरगाँव**

## पहला कॉलम...

### रायपुर दक्षिण के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी ने मां बम्लेश्वरी से आशीर्वाद लिया



डोंगरगढ़(दावा)। रायपुर दक्षिण के भाजपा प्रत्याशी एवं रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ, सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

### शासकीय प्राथमिक शाला मटेवा में बाल मेला का आयोजन हुआ



मोहला (दावा)। विकासखंड मोहला अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मटेवा में 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला का आयोजन किया गया साथ ही विभिन्न खेल कूद के साथ साथ वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्रीमती संगीता शर्मा, शिक्षक इंद्रजीत साहू, शाला समिति के अध्यक्ष सुरेश गोटे, रामदयाल गोटे, ओमप्रकाश, राजेश कमरों, ईश्वरी बाई जेलो एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नाडेप विधि से खाद तैयार



हरदी (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव ग्राम धामनसरा में 15 नवंबर को अधिष्ठाता डॉ.जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन में चतुर्थ वर्ष के रावे के छात्रों ने गाँव के किसानों को नाडेप विधि का वर्णन किया एवं उसके फायदे बताये जिसमें नाडेप विधि से तैयार खाद से खेती की लागत में 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इस विधि से तैयार खाद का इस्तेमाल करके, रासायनिक खाद की मात्रा कम की जा सकती है। नाडेप विधि से तैयार खाद से मिट्टी की गुणवत्ता सुधरती है। इस विधि से तैयार खाद से जमीन बंजर होने से बचती है। इस विधि से तैयार खाद से भरपूर उपज मिलती है। इस विधि से तैयार खाद को बेचकर 10-20 प्रतिशत ज़्यादा कीमत मिल सकती है। इस विधि से तैयार खाद में कम गोबर का इस्तेमाल करके ज़्यादा मात्रा में खाद तैयार की जा सकती है और इन सभी की जानकारी चतुर्थ वर्ष छात्र कुशल जोशी, हर्षिता, डोमेश्वर, दीक्षा, लेमप्रीती, करीना, जीवन, कनक, ईशा, जय, कन्हाई, हनी, जागेश्वर, लोमश, खोमलाल सभी ने मिलकर जानकारी दिया।

### आज गोंडरी में मातर कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम गोंडरी में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठेठवार (यदु) समाज द्वारा मां शक्ति की कृपा से मातर का आयोजन आज 17 नवंबर दिन रविवार को रखा गया है। दिन में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए राउत नाचा साजबाजा झांकी ग्राम रिवागहन (घुमका) वालों का एवं रात्रिकालीन में मनोरंजन के लिए 'बाप बेटा का हास्य हंगामा' शिव भोला नाचा पार्टी ग्राम करमतरा (जालबांधा) खैरागढ़ वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी देते सरपंच राजू यदु ने आसपास के समस्त नागरिकों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### चुनावों के लिए मतदाता सूची की तैयारी में जुटा प्रशासन

डोंगरगाँव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु तैयारी करना प्रारंभ कर लिया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए एसडीएम डोंगरगांव ने बताया कि चुनावों की तैयारी के लिए जिला कलेक्टर व्दारा लगातार बैठकों का दौर जारी है, चुनाव प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण स्थान मतदाता सूची का स्थान होता है. जिसके लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करते हुए 1 अक्टूबर 2024 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु दावा-आपत्ति के लिए तिथियाँ सुनिश्चित की गई हैं जिसमें नगरीय निकाय हेतु मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, संशोधन, विलोपन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 24 नवंबर तथा प्रारूप क-1 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है तथा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 20 नवंबर तथा प्रारूप क-1 में आवेदन हेतु अंतिम तिथि 27 नवंबर निर्धारित की गई है।

# पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ



**किसानों ने बेचा अपना धान**

गंडई पंडरिया (दावा)। प्रदेश में 14 नवम्बर गुरुवार से सेवा सहकारी समितियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विधिवत शुरुवात कर दिया गया है। जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति गंडई में सुबह 10 बजकर 30 मिनट में प्रथम किसान चकनार निवासी रुकुम लाल साहू के हाथों से तराजू बाट का पूजा अर्चना करवाया गया। तत्पश्चात गंडई के भाजपा नेता सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, अनिल अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष खैरागढ़, टेकन देवांगन, टुम्मन साहू, मंगल चंद जैन, धरमु पटेल, भूपेंद्र पटेल के द्वारा किसान रुकुम लाल का तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया गया और उसके द्वारा लाये धान की तौलाई करवाकर धान खरीदी आरंभ किया गया। अंचल के सेवा सहकारी समिति बरबसपुर, लिमो, धोधा, हनईबन के उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाइस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार सेवा सहकारी समिति में गुरुवार प्रथम दिन 27 किसानों का टोकन काटा गया है जिनसे धान खरीदी किया जाना है। इस दौरान अनिल अग्रवाल, जीवन दास रात्रे ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चुनाव के दौरान किये गए वादे को निभाया जा रहा है धान बेचने के 72 घण्टों के अंदर सभी किसानों को राशि प्रदान कर दिया जाएगा। समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोटा धान को 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल एवं पतला धान को 23 सौ 20 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीदी किया जा रहा है।बता दे कि आज 14 नवम्बर से आगामी 31 जनवरी तक सभी सेवा सहकारी समितियों में धान खरीदी किया जाएगा।

**अंतर की राशि कब तक मिलेगी समितियों को इसकी जानकारी नहीं**

अंचल में स्थित सेवा सहकारी समिति केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है जबकि सरकार ने 3100 रुपये में धान खरीदी की बात कही थी लेकिन अभी समितियां 2300सौ प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है, इस दौरान किसानों को अंतर की राशि कब तक मिलेगी इसकी जानकारी समिति प्रबंधकों को नहीं है पिछले समय सरकार किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त जारी किया गया था, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस साल भी धान खरीदी की समय सीमा समापन होने के बाद अंतर की राशि फिर एक साथ किसानों को मिलेगी।

**भाजपा सरकार पर गंडई ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप**

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई के अध्यक्ष भिगेश यादव ने भाजपा सरकार के धान खरीदी नीति पर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव जितने के लिए भाजपा की सरकार ने किसानों से 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी करने की बात कही थी परंतु वर्तमान में 23 सौ रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी किया जा रहा है बाकी अंतर की राशि किसानों को भाजपा की सरकार देगी या नही और देगी तो कब ये स्पष्ट नही किये है भाजपा के किसी भी मंत्री या नेता ने इस ओर कोई स्पष्ट बयान जारी नही किया है जिससे लगता है कि भाजपा की सरकार पुनः किसानों के साथ छल कर रही है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर महिला मंडली ने 11000 दीप प्रज्ज्वलित किया



छुईखदान (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर शुक्रवार को कैलाश मंदिर छुईखदान में आदर्श रामायण महिला मंडली ने ग्यारह हजार दीप प्रज्ज्वलित किये। श्रीमती किरण गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि महिला रामायण मंडली द्वारा विगत पांच वर्षों से प्रति मंगलवार, सभी एकादशी सभी पूर्णिमा तिथि में बाईसाहब राधाकृष्ण मंदिर में रामायण पाठ करते हैं। साथ ही जन-जन तक भक्ति भाव जागृत रखने का अलख जगाने अन्य दिनों में महिला रामायण मंडली द्वारा रामायण पाठ सभी मंदिरों में जाकर किया जाता है। बैकुंठ चतुर्दशी तिथि 14 नवम्बर गुरुवार को रानी मंदिर छुईखदान में रामायण पाठ, भजन संध्या में भक्ति गीतों की प्रस्तुति एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। जिसमें महिला रामायण मंडली के सदस्य शिवकांति भट्ट, मिथिला भट्ट, सावित्री सोनी, सत्या सोनी, श्यामवती गुप्ता, किरण अशोक गुप्ता, राजपरिवार की लतारानी वैष्णव, उषा चन्द्राकार, राजकुमार वैष्णव, शशि महोबिया, पार्वती यादव, आशा, अनिता महोबिया, निशा नामदेव, तृप्ति वैष्णव, आशा श्रीवास्तव, सीमा अनिल राजपूत, कुमारी श्रीवास, रेखा वैष्णव, सुभद्रा महोबिया आदि रहे। रानी मंदिर समिति संरक्षक लाल जे के वैष्णव ने ग्यारह हजार दीप प्रज्ज्वलित करने पर आदर्श महिला रामायण मंडली छुईखदान को बधाई शुभकामनाएं दी। आगामी अगहन मास में प्रत्येक गुरुवार को अगहन वृहस्पति पूजा में अधिक से अधिक संख्या में रानी मंदिर छुईखदान पूजा उत्सव में शामिल होने अपील किया।

# चिल्हाटी पानी टंकी के पास अवैध रूप से पशु तस्करी करते आरोपियों पकड़ाये



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। थाना चिल्हाटी क्षेन्त्रार्गत ग्राम चिल्हाटी पानी टंकी के पास से अवैध पशु तस्करी कर रहे आरोपी सुजीत लाल पिता सुराजी लाल उम्र 34 साल निवासी कैलाश नगर जिला दुर्ग। संतोष पाल पिता स्व. शिवपाल जाति गढ़रिया उम्र 38 साल निवासी दुर्ग सिकुला भाटा थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छ.ग. को रंगे हाथ पकड़ कर उनके खिलाफ धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषिक पशु परीरक्षण अधि. 2004, धारा 11 घ पशु क्रुरता अधि 1960 अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपियों के कब्जे से 03 नग भैंस कीमती करीबन 60,000 रूपये एवं एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सी.जी-07-सी.एच-6012 कीमती करीबन 2 लाख रूपये कुल कीमती 2,60000 रूपये को जप्त किया गया।

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रविशंकर डहरिया के नेतृत्व में दिनांक 15 नवम्बर को मुखबीर से सूचना मिला कि अं.चौकी तरफ से बिना चारा पानी के ठूस-ठूस कर भरकर जानवर ले जा रहा है कि सूचना पर स्वतंत्र गवाह को साथ लेकर मेन रोड पानी टंकी के पास ग्राम चिल्हाटी के पास आने जाने वाले वाहनों को चेकिंग के दौरान अं. चौकी रोड से आते बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक सी.जी-07/सी.एच-6012 में अवैध रूप से पशु तस्करी करते पाये जाने पर गवाहों के समक्ष वैधानिक कार्यवाही कर धारा 4, 6,10 छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण अधि. 2004, धारा 11 घ पशुक्रुरता अधि 1960 की धारा कायम कर आरोपी एवं जप्त वाहन मवेशी, गवाहों को साथ लेकर वापस आया। नबंरी अपराध पंजीबद्ध किया। उक्त कार्यवाही प्र.आर. शेख आजम, म.प्र.आर. श्यामली तराने, प्र.आर आर. का सराहनीय योगदान रहा। थाना क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी करने वालो पर लगातार कार्यवाही किया हुआ है आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# भूख हड़ताल में बैठे किसानों की मांग हुई पूरी



अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरचाटोला में धान खरीदी केंद्र खोलने के संबंध में भूख हड़ताल पर बैठे किसानों की मांग पूरी हुई। बता दें कि धान खरीदी केंद्र की मांग क्षेत्र के किसानों द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा था लेकिन उनकी मांग पर किसी शासन-प्रशासन का ध्यान नहीं देने से नाराज होकर पांच ग्राम पंचायत के किसानों ने नौ नवंबर को स्टेट हाइवे में चक्काजाम किया था। अधिकारियों की समझाइश एवं आश्वासन के बाद चक्काजाम खोल दिया गया परंतु हफ्ता गुजर जाने के बाद किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होता देख किसानों ने भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया। भूख हड़ताल सुबह नौ बजे से लेकर रात ग्यारह बजे तक चला समाचार के माध्यम से शासन-प्रशासन तक बात पहुंची उसके पश्चात प्रशासनिक अमला रात लगभग नौ बजे कोरचाटोला पहुंचा अधिकारियों द्वारा किसानों को मनाने का प्रयास किया गया पर हड़तालियों ने भाजपा के नेताओं से बात करने की बात कही उसके बाद रात लगभग ग्यारह बजे भाजपा के पूर्व विधायक संजीव शाह, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, भाजपा नेता राजेश सिंगी पहुंचे और किसानों की बातें सुनी और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से उनकी बात कराई अभिषेक सिंह ने कहा शासन से बात हो गई है आप लोग अपना अनशन तोड़े प्रशासनिक अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र के लिए स्थान चयन करने को आदेश कर दिया गया है और जल्द ही धान खरीदी केंद्र खोला जाएगा। उसके बाद भूख हड़ताल पर बैठे किसानों को जूस पिलाकर उनकी भूख हड़ताल को समाप्त कराया गया। किसानों ने भाजपा की साय सरकार, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का धन्यवाद किया। शनिवार की सुबह नवीन उप धान खरीदी केंद्र के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन में पूर्व विधायक संजीव शाह, अंबागढ़ चौकी भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला महामंत्री दिलीप वर्मा, कौडिकसा मंडल अध्यक्ष शत्रुघन चुरेंद्र, अवधेश त्रिपाठी, देवनारायण कुंभकार, पुरषोत्तम ठाकुर, पांचों ग्राम पंचायत के सरपंच, किसान व ग्रामीण उपस्थित रहे किसानो ने पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई।

# जनजाति संस्कृति बहुमूल्य एवं समृद्ध, ऐतिहासिक विरासत को संवर्धन एवं संरक्षण की आवश्यकता है- विधायक विक्रम उसेंडी

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनजाति समाज के विभूतियों को सम्मानित किया गया**



मोहला (दावा)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार राज्य के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शिरकत कर वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के जनजाति समाज को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला मोहला-मानपुर अंबागढ़ चौकी में जिला स्तरीय जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम का स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम सिंह उसेंडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनजाति समाज की संस्कृति बहुमूल्य एवं समृद्ध है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में इसे संवर्धन और संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने भारतीय समाज पर जनजाति समाज के योगदान, कृतित्व और अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजाति समाज ने भारत को गौरवान्वित करने का ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर विभिन्न क्षेत्र में जनजाति समाज ने योगदान दिया है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति समाज में देश की गुलामी के बंधन को तोड़कर आजादी का अलख जगाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद वनांचल एवं उग्रवाद से ग्रसित क्षेत्र में लगातार तेजी से विकास को गति मिला है। उन्होंने आगे कहा कि वनांचल क्षेत्र को राष्ट्र के मुख्य धारा में जोड़कर उल्लेखनीय विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जल जंगल जमीन जनजाति समाज की विशिष्ट पहचान है। जनजाति समाज अपने विशिष्ट परंपरा संस्कृति रीति रिवाज को सहेज कर आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला निर्माण के उपरांत जिले में हुए विकास कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जनजाति बाहुल्य जिला है। जिले में जनजाति समाज को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विकासखंड मानपुर में नवनिर्मित एकलव्य विद्यालय का भी लोकार्पण किया गया। मानपुर में एकलव्य विद्यालय की स्थापना होने से वनांचल क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मुहैय्या होगा। एकलव्य विद्यालय से जनजाति समाज के साथ ही क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य संवारने और पहचान स्थापित करने का सुनहरा मौका मिलेगा। जिला स्तर पर आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों से जनजाति समाज के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं, सेवाओं कार्यक्रम के अंतर्गत चेक और सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने और जनजाति समाज का नाम रोशन करने वाले यशस्वी नागरिकों को सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर आयोजित जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विकास प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं से और कार्यक्रमों को प्रदर्शित किया गया। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंची।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसे देखकर नागरिक मंत्रमुग्ध हो गए। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक परम्परा पर आधारित लोक नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देखकर जिले के नागरिकों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनू राम चन्द्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मण्डावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अं.चौकी श्रीमती कुमारी बाई जुरेशिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमति राधिका अंधारे, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जनप्रतिनिधिगण मदन साहू, श्रीमती नम्रता सिंह, रमेश हिड़ामें एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधिगण सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# वनांचल में वेलफेयर कैंप और CFRMC का हुआ गठन तथा दी गई प्रशिक्षण



बांधाबाजार (दावा)। वन अधिकार अधिनियम 2006 जिसे हम अनुसूचित जाति एवं अन्य परंपरागत वनवासी वन अधिकारों की मान्यता 2006 नियम 2008 संशोधित अधिनियम 2012 के नाम से जानते हैं इस अधिनियम की क्रियान्वयन हेतु बहुत सारे विधि संगत बातें हैं जो गांव के ग्राम सभा के सदस्य लोग अनभिज्ञ है लोगों को पूरी तकनीकी एवं सामान्य जानकारी के अलावा कानूनी जानकारी प्रदान करने हेतु सृष्टि संस्था परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी द्वारा विगत दो माह सितंबर अक्टूबर से APF परियोजना अंतर्गत वनांचल का नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के दो ब्लॉक मोहला एवं अंबागढ़ चौकी के 15 गांव में वेल फेयर कैंप तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति का गठन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम के स्रोत व्यक्ति संस्था के कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी ने विधिवत प्रशिक्षण दिया। इन सभी कार्यक्रमों को गांव के लोगो के समझ के मुताबिक सहज एवं प्रभावी ढंग से समझाने तथा समझ टिकाऊ बने, लोगो को संगठित करने एवं जागरूकता लाने के लिए गांव की ग्रामसभा को सशक्त बनाने के लिए संस्था के परियोजना कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। सृष्टि संस्था के कार्य क्षेत्र के 15 गांव में वेलफेयर कैंप प्रत्येक गांव में एक-एक कर आयोजित किया गया इसी तरह हर गांव में एक एक करके सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति का गठन और प्रशिक्षण किया गया इस तरह इन दो कार्यक्रमों में कुल 20 प्रशिक्षण लिए गए हैं।

ज्ञात है कि सृष्टि संस्था द्वारा आयोजित दो प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसका नाम वेलफेयर कैंप है और दूसरा CFRMC जिसे हम सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति कहते हैं। इन दोनों कार्यक्रम को इन दो माह के अंदर अलग-अलग गांव में अलग-अलग तिथियो पर आयोजित किया गया था। इन दोनों कार्यक्रम को प्रशिक्षकों के माध्यम से लोगों को वन अधिकार कानून के तहत प्रशासन के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ अब तक कितने लोगों को गांव में मिला है किसको मिला है इसकी जानकारी लिया जाता है। और जो लोग वंचित है उनको कानूनी जानकारी देकर लाभान्वित किया जाता है। सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार समिति गठन और प्रशिक्षण हर गांव में सामुदायिक अधिकार प्रबंधन समिति गठन की सारी नियमावली नियम नीति तथा उसके कानून कायदे तथा जवाबदारी, अधिकार, उनके कर्तव्य के बारे में मार्गदर्शन किया जाता है। ग्राम सभा द्वारा 11 लोगों की समिति गठन किया जाता है जिसमें महिलाओं की भागीदारी होना आवश्यक है। ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए उसमें भी महिलाओं की और पुरुषों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है सामुदायिक वन प्रबंधन के कार्यों को संभालने के लिए CFRMC सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन अधिकार समिति को सुचारू रूप संचालन करने के लिए उसके ऊपर की जो ग्राम सभा है उनके माध्यम से वह संचालित होती है।

ग्राम सभा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करती है। बैंक खाता खोलना पैन कार्ड बनवाना वन प्रबंधन कार्य योजना बनाना वन प्रबंधन कार्य की योजना से संबंधित रजिस्टरों का संधारण करना आदि यह सभी कार्य सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के माध्यम से होता है। वेलफेयर कैंप के माध्यम से शासकीय सभी योजनाओं का क्रियान्वयन की जानकारी गांव से लेकर उसके डाटा को संकलित किया जाता है और ज्ञात किया जाता है कि शासकीय योजना गांव तक किस परिस्थितियों में और किन लोगों को मिलती है और कितनी योजनाएं आती है इसके साथ ही यह भी देखा जाता है कि प्रदत्त योजना सफल होती है तो गांव स्वालंबन की दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है या उसमें कुछ अवरोध पैदा होता है। गांव में अवरोध पैदा होने वाली परिस्थितियों का अध्ययन कर उस समस्या का समाधान करने का प्रयास भी संस्था द्वारा किया जाता है।

जैसा कि विदित है कि वनांचल के आदिवासी बाहुल्य सुदूर अति दुर्गम भागों में कार्यरत सृष्टि संस्था जिसका मुख्यालय ग्राम येरंडी तहसील कुरखेड़ा जिला गढ़चिरौली है और परियोजना कार्यालय ग्राम दक्कोटोला (चिल्हाटी) में स्थित है जिसके माध्यम से APF परियोजना का संचालन किया जाता है उक्त गांव नवगठित जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ राज्य के दो ब्लॉक मोहला एवं अंबागढ़ चौकी के ग्राम खैरी ग्राम भूरभूसी, पड़की, माधोपुर, बमनी, गल्हेटोला चिरचारी, मरदेल, मूदयाल, मड़ियान डीह, ततोड़ा सूअरबोड, नाडेकल, कोड़ेवाडा, मकोड़ी इत्यादि ग्राम में उक्त परियोजना संचालित है।

## पारींखुर्द स्कूल में मना तुलसी विवाह पर्व

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारींखुर्द में तुलसी विवाह पर्व का आयोजन पूरे विधि विधान से किया गया। बच्चों व शिक्षकों ने गन्ने का मंडप सजाया। तुलसी जी का साज श्रृंगार किया और श्रद्धा भाव से तुलसी जी की पूजा अर्चना करते हुए शालिग्राम भगवान से विवाह विधि संपन्न करायी।बच्चों ने अपने शिक्षकों से तुलसी विवाह की कथा भी सुनी। साथ ही साथ तुलसी के औषधीय महत्व को भी जाना। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक शिवकुमार सेवता, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्री प्रेम शंकर साव, शिक्षक दीपक कुमार साहू शिक्षिकाएं श्रीमती विभा सिंहमारे, श्रीमती अनुपमा सोनी, सुश्री पुष्पलता देवांगन, दोनों शालाओं के रसोइयों व सभी बच्चों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र अंबागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी का आकस्मिक निरीक्षण

मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज से जिले में हो रही धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेने धान खरीदी केंद्र अंबागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पहुंचकर आज हुई खरीदी का मुआयना किया।उन्होंने समिति प्रभारी से चर्चा कर पारदर्शिता पूरक धान खरीदी करने और किसानों के साथ सकारात्मक सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अन्नदाता किसानों का सम्मान करें। किसानों द्वारा लाए गये धान की वास्तविक नाप तौल करें।



- अन्नदाता से की चर्चा, फसल उत्पादन की ली जानकारी
- प्रस्तावित धान संग्रहण केंद्र भांसुला पहुंचकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

खरीदी के दौरान नमी मापक मशीन से नमी की जांच करने कहा। धान खरीदी केंद्र स्थल में विशेष साफ-सफाई रखने, सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि धान खरीदी के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी ना हो, यह सुनिश्चित करें। धान विक्रय करने आए किसानों से कलेक्टर ने चर्चा कर उनके द्वारा उत्पादित फसल की जानकारी ली। कलेक्टर ने अन्नदाता किसानों का सम्मान करते हुए कहा कि सभी पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को धान विक्रय के दौरान कोई समस्या आने पर समिति प्रबंधक से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराएं। उन्होंने अंबागढ़ चौकी धान खरीदी केंद्र में धान विक्रय करने आए किसान अमर सिंह से चर्चा कर फसल उत्पादन की जानकारी ली।

कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम भांसुला में प्रस्तावित धान संग्रहण केंद्र स्थल का मुआयना किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान संग्रहण के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि आकस्मिक वर्षा होने की दशा में धान के रखरखाव और बचाव के लिए पूर्व से सभी तैयारियां रखें। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी एस.एल. ठाकुर, जिला खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, जिला विपणन अधिकारी प्रमोद सोम, तहसीलदार श्रीमती अनुरिमा टोप्पो उपस्थित थे।

## नीरज पैरेंट्स प्राइड में साईस एक्सिबिशन व बाल मेला सम्पन्न

**राजनांदगांव (दावा)। 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल-बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चैक ब्रांच का विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया इसमें कक्षा केजी-2 से 8वीं तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी का हिस्सा बने। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं श्रीमती सोनल बाजपेयी तथा कु. कुंतल बाजपेयी के द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर विधिवत किया गया।**



तत्पश्चात् अपने उद्बोधन भाषण में आधुनिक विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि इस आधुनिक विज्ञान का उपयोग हम पुरी पृथ्वी की भलाई एवं मानव जाति के उत्थान हेतु करें। साथ ही साथ बाजपेयी जी ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की मुक्त कंठ से प्रसंशा की एवं बच्चों के पालकों एवं सहयोगी शिक्षिकाओं का आभार जताया। इस प्रदर्शनी में सांईस, मैथ्स, हिन्दी, इंग्लिश सहित सभी विभागीय विषयों पर मॉडल तैयार किए गए एवं क्रमवार पालकों को समझाया व उनके जिज्ञासु प्रश्नों के जवाब आसानी से देकर बताया गया। जिसे पालकों ने बहुत सराहा। इसके साथ ही बाल मेला का आयोजन किया गया था जिसमें बच्चों का उत्साह भी देखते ही बना। जिसमें आकर्षण का मुख्य केंद्र मोटू-पतलु सहित जंपर व मिक्की माउस झुला रहा। जिसका बच्चों ने भरपुर आनंद लिया। साथ ही शिक्षकों द्वारा मनोरंजन एवं खाद्य सामग्रियों के स्टाल भी लगाये गये। जिसका बच्चों ने आनंद उठाया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्या (एनपीपीएस) श्रीमती ईला राठौर, प्राचार्या (एनबीआईएस) श्रीमती एकता गांधी, उपप्राचार्या (एनपीपीएस) श्रीमती आरती पिल्लई, एच एम श्रीमती वैशाली सिंग एवं श्रीमती स्नेहा तिवारी सहित स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्टाफ ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# मूनलाइट, शहिद राधे मोतीपुर और लालबाग की टीमों ने एकतरफा जीत हासिल की

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता के तहत आज 3 मैच खेला गया जिसके तहत पहला मैच मून लाइट विरुद्ध युथ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें मूनलाइट ने 6-2 गोल से पराजित किया।

इस एकतरफा मुकाबले में मूनलाइट की ओर से पीयूष साहू और सन्नी यादव ने 2-2 गोल किया और तरुण यादव और दीपक यादव ने 1-1गोल किया वहीं युथ क्लब की ओर से ज्ञानचंद जैन और मनीष सोनी ने 1-1 गोल किया वहीं दूसरे खेले गये मैच में शहीद राधे मोतीपुर ने पैंथर्स क्लब को 6-4 गोल से पराजित किया, शहिद राधे मोतीपुर की ओर से विजय साहू, दलबीर सिंह, सचिन खोब्रागडे, जिमी साहू, राजेश निर्मलकर और गज्जू सिन्हा ने 1-1 गोल किये। पैंथर्स क्लब की ओर से संतोष चोखान्द्रे ने 2 गोल रेहान खान और हारून खान ने 1-1 गोल किया था। आज का तीसरा व अंतिम मैच लालबाग क्लब विरुद्ध सिटी क्लब के मध्य खेला गया।



**स्व. सुरजीत कौर स्मृति हॉकी प्रतियोगिता**

इस एकतरफे मुकाबले में लालबाग क्लब की ओर से किशोर धीवर ने 2 गोल अंशुल वर्मा, अभिषेक यादव, खुशाल यादव, सौरभ और आदर्श ने 1-1 गोल किया था, वहीं सिटी क्लब की ओर से लव यादव केवल 1 गोल कर पाए। आज के मैच के दौरान पुष्पेंद्र नायक सी.एस.पी.राजनांदगांव, फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, शिवनारायण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, नीलम चंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, भूषण सॉव, ऋषि शास्त्री पार्षद, ज्ञानचंद जैन, बालमुकुंद पटेल, मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, प्रिंस भाटिया आयोजन सचिव ने मैदान के बीच जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। आज खेले गए सभी मैच में किशोर धीवर, राजेश निर्मलकर, दिलीप रावत, अभिनव मिश्रा, हारून खान, कृष्णा यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# किसान पारख दास साहू के लिए धान पैडी ट्रांसप्लांटर बनी मददगार

राजनांदगांव (दावा)। कृषि की नवीनतम तकनीक तथा आधुनिक कृषि यंत्रों से खेती-किसानी के कार्यों में आमूलचूल परिवर्तन आए हैं। एक ओर कृषि यंत्रों ने किसानों के लिए कार्य आसान किया है, वहीं फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई है।



- मशीन से निर्धारित दूरी पर रोपा लगाना हुआ आसान
- शासन से धान पैडी ट्रांसप्लांटर के लिए 4 लाख रू. का मिला अनुदान
- किसान पारखदास ने मुख्यमंत्री को कहा शुक्रिया
- किसानों ने समृद्धि की दिशा में बढ़ाए कदम

डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम केसला के प्रगतिशील किसान पारख दास साहू के लिए धान पैडी ट्रांसप्लांटर कृषि कार्य के बहुत उपयोगी एवं कारगर साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि शासन की योजना के अंतर्गत कृषि विभाग के तहत छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड से धान पैडी ट्रान्सप्लांटर के लिए 4 लाख रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि रोपा लगाने की यह मशीन कुल 9 लाख रूपए की है। यह मशीन बहुत सरल और अच्छी है। इस मशीन के माध्यम से निर्धारित दूरी पर रोपा लगाना आसान हो गया है। वहीं श्रमिक नहीं मिलने पर दिक्कत नहीं होती है और कास्त लागत में कमी आयी है। प्रगतिशील कृषक पारख दास साहू ने बताया कि इस वर्ष धान की बोआई की गई है और उत्पादन भी जोरदार हुआ है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि शासन इसी तरह मदद करते रहे तो वह और भी कृषि यंत्र खरीद सकेंगे। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन में 26 एकड़ में धान की फसल ले रहे हैं। जिसमें प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की फसल हो रही है और कुल उत्पाद 546 क्विंटल है। जिससे लगभग 16 लाख 92 हजार 600 रूपए तक मुनाफा हो रहा है। जिसमें कास्त लागत 7 लाख 80 हजार रूपए तथा शुद्ध आय लगभग 9 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि रबी एवं ग्रीष्मकालीन फसल में 9.60 एकड़ में पैडी ट्रांसप्लांटर द्वारा धान की रोपाई की गई है। जिससे 6 लाख 72 हजार रूपए की आय हुई है। उन्होंने बताया कि वे धान के अलावा गेहूं, सरसो एवं साग-भाजी की फसल ले रहे हैं।

उन्होंने अपना पक्का मकान बनवा लिया है और घर में समृद्धि आयी है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक कृषि यंत्र ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टर, स्प्रेयर, राईस ट्रायर, स्ट्रा बेलर, लेजर लैंड लेवलर, ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव जैसे कृषि यंत्र के माध्यम से किसान लाभान्वित हो रहे हैं और कृषि यंत्र एवं उपकरण खरीद रहे हैं। शासन द्वारा कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिससे किसानों को बहुत मदद मिल रही है।

# शेष प्रथम पेज का

***झांसी अस्पताल में आग:...***

इस हादसे उठ रहे हैं कई सवाल- झांसी अग्निकांड केवल एक दुर्घटना नहीं बल्कि व्यवस्थागत खामियों की कहानी है। फायर अलार्म का न बजना, एग्जिट गेट की कमी, और स्टाफ का रवैया, यह सब बड़ी लापरवाहियों की तरफ इशारा करता है। ऐसे में सवाल उठ रहे है कि क्या अब यह सुनिश्चित होगा कि सभी अस्पतालों में सुरक्षा मानकों का पालन हो? या फिर यह हादसा भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दफन हो जाएगा?

***जनजातीय गौरव दिवस ...***

संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। सीएम श्री साय ने इस अवसर पर वन अधिकार अधिनियम से संबंधित 'एटलस', कैलेण्डर 'शौर्यांजलि' तथा 'हल्बा जनजातीय की वाचिक परंपराएं' विषय पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। इनका प्रकाशन छत्तीसगढ़ आदिम जाति विकास विभाग द्वारा किया गया है।

0 राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने सीएम के कार्यों की सराहना- इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सभी वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय की लोकप्रियता और विनम्रता की सराहना पूरे देश में होती है। रायपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय नृत्य महोत्सव समारोह में आकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का दर्शन हुआ है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के इस विशेष आयोजन के लिए उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय को बधाई दी। उन्होंने इस मौके पर जनजातीय समुदाय के महापुरूषों को नमन करते हुए कहा कि, वही देश और समाज जागृत रहता है, जो अपनी संस्कृति और अपने महापुरूषों को याद रखता है।

0 पीएम मोदी ने जनजातीय समुदाय के कई योजनाएं की संचालित - मंत्री रामविचार नेताम- आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए चिंता की है। उन्होंने इस समुदाय के विकास के लिए कई योजनाएं संचालित की है। उन्होंने आगे कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से छत्तीसगढ़ के साढे छह हजार गांवों और ग्रामीणों का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है।

***मणिपुर में 2 मंत्रियों और ...***

मुख्य रूप से ईसाई कुकी समुदाय के बीच लड़ाई चल रही है। इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लागू- मणिपुर में बढ़ते तनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने सात जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। 16 नवंबर, 2024 से प्रभावी इस आदेश के तहत, इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, और अन्य प्रभावित जिलों में इंटरनेट सेवाएं दो दिन तक निलंबित रहेंगी। यह कदम राज्य में अफवाहों और भड़काऊ कंटेट के फैलने को रोकने के लिए उठाया गया है, जिससे हिंसा को बढ़ावा मिल सकता है। सरकार ने चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

***विश्व पर्यटन मानचित्र पर बस्तर की धूम ...***

यही वजह है कि, स्थानीय लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए उपलब्ध करवा रहे हैं, ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवाने से उन्हें रोजगार मिल रहा है। गांव के युवा पर्यटकों को आसपास के क्षेत्रों की सैर कराते हैं। स्थानीय खानपान के अंतर्गत पर्यटकों को बस्तर के पारम्परिक व्यंजन परोसे जाते हैं।

0 सरकार बस्तर में पर्यटन को दे रही बढ़ावा- सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर में पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए ट्रैकिंग ट्रेल और कैंपिंग साइट विकसित करने सहित होम-स्टे की सुलभता हेतु पहल कर रही है। साथ ही स्थानीय शिल्पकारों और कलाकारों को प्रोत्साहन दे रही है। जिससे ईलाके के रहवासी ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार की उपलब्धता होने के साथ आय संवृद्धि हो सके। राज्य सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु क्षेत्र में सड़कों और परिवहन सुविधाओं का विकास पर भी ध्यान दे रही है। बस्तर के पर्यटन स्थलों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में देश के पर्यटकों सहित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं स्थानीय हस्तशिल्प और कला को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

0 ईको पर्यटन विकास समिति पर्यटकों उपलब्ध करवा रही बेहतर सुविधाएं - छत्तीसगढ़ सरकार के वन एवं पर्यटन विभाग ने धुडमारास को ईको-टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब जिले के नागलसर और नेतानार में भी स्थानीय युवाओं की ईको पर्यटन विकास समिति द्वारा गांव में बहने वाली शबरी एवं कांगेर नदी में कयाकिंग एवं बम्बू राफ्टिंग की सुविधा पर्यटकों को मुहैया कराई जा रही है। साथ ही स्थानीय व्यंजन से पर्यटकों को बस्तर के पारम्परिक खान-पान का स्वाद मिल रहा है। गांव के युवाओं की ईको पर्यटन विकास समिति कांगेर नदी में कयाकिंग और बम्बू राफ्टिंग की सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध करवाती है, जिससे इस समिति को अच्छी आमदनी हो रही है। यह पर्यटन समिति अब अपनी आय से गांव में पर्यटकों के लिए प्रतीक्षालय और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं विकसित कर रहे हैं।

0 ईको-टूरिज्म को मिल रहा बढ़ावा- बेस्ट टूरिज्म विलेज धुडमारास की कहानी यह साबित करती है कि, जब सामुदायिक भागीदारी और शासन का सहयोग मिलता है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक और सांस्कृतिक विकास संभव है। यह गांव अब बस्तर के अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन गया है। यही वजह है कि कांगेर घाटी नेशनल पार्क के नागलसर और नेतानार में भी ईको-टूरिज्म को बढावा मिल रहा है।

***चंद्रपुर में राहुल गांधी ने जनसभा को किया ...***

मंच से झूठ बोलते हैं। वो कहते हैं कि हम संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि मैं खुद कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4 हजार किलोमीटर चला, हर रोज लोगों से कहा कि संविधान को बचाना है। हमने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान नारा दिया कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है।

'हमने जातिगत जनगणना कराने की बात कही'- उन्होंने कहा कि मैंने संसद में कहा कि नरेंद्र मोदी जी 50त्न आरक्षण की दीवार को तोड़ दीजिए। इस पर विपक्ष आपका पूरा समर्थन करेगा, लेकिन नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं बोला। हमने जातिगत जनगणना कराने की बात कही। साथ ही कहा कि आप देश के हर वर्ग को यह बताइए कि देश में उनकी कितनी भागीदारी है। इसके बाद, नरेंद्र मोदी ने संसद में डेढ़ घंटे भाषण दिया, लेकिन जातिगत जनगणना और आरक्षण पर एक शब्द नहीं बोले।

'महाराष्ट्र क्रांतिकारियों की धरती है'- राहुल गांधी ने कहा महाराष्ट्र क्रांतिकारियों की धरती है। पहली बार यहीं पर अंग्रेजों का झंडा उतारकर खादी का झंडा लगाया गया था। यहां के लोग संविधान के लिए लड़े और शहीद हुए थे। बिरसा मुंडा जी, टंट्या भील जी, गुलाम महाराज जी, संत तुकडोजी महाराज जी.. इन सबकी सोच संविधान में है। राहुल गांधी ने कहा इसी संविधान में अंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, फुले जी की सोच भी दिखती है। कांग्रेस कहती है देश को संविधान से चलाना चाहिए, जबकि आरएसएस-बीजेपी कहती है, संविधान की कोई जरूरत नहीं है। मैं हर बार संविधान दिखाकर आपको याद दिलाना चाहता हूं कि हमारे महापुरुषों के दुख, दर्द और खून से यह किताब बनी है।

# 6वीं राज्य स्तरीय ओपन कराते स्पर्धा में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने जीते 26 पदक

**राजनांदगांव (दावा)। धमतरी के बाबू पंडारी राव करीदत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 6वीं राज्य स्तरीय ओपन कराते प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला कराते संघ के 29 खिलाड़ियों ने बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए 07 स्वर्ण 06 रजत एवं 13 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीतने में सफलता प्राप्त की और राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया।**




जीते 07 स्वर्ण, 06 रजत एवं 13 कांस्य पदक

इस 6वीं राज्य स्तरीय ओपन कराते टूर्नामेंट में आयोजक एवं निर्णायक मंडल में कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवं छत्तीसगढ़ कराते डू असोशियेशन के अध्यक्ष विजय तिवारी, महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू, कोषाध्यक्ष डी रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव जिले के प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, ईषभ सिंह राजपूत सहित अन्य जिलों के कोच, रेफरी एवं आफिशियल्स प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट अलग अलग वर्गो में अयोजित किया गया जिसमे सब जूनियर कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग शामिल थे।

पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम वर्गवार निम्नानुसार है- सब जूनियर बालक वर्ग - शिवांश सोनी (कांस्य पदक कुमिते 20 कि.ग्रा), रिद्धांश चावड़ा (रजत पदक कुमिते 20 कि.ग्रा) श्रेष्ठ मिश्रा (कांस्य पदक काता), कविश शाह (रजत पदक काता, कांस्य पदक कुमिते 25 कि.ग्रा), कबीर साहू (कांस्य पदक काता एवं कुमिते 25 कि ग्रा), ऋषभ सिन्हा (स्वर्ण पदक काता), समर सोनी (कांस्य पदक काता), सब जूनियर बालिका वर्ग - बेरुशी साहू (कांस्य पदक काता), नितिशा निप्पाने (स्वर्ण पदक कुमिते 25 कि.ग्रा, कांस्य पदक काता), पारुल साहू (कांस्य पदक काता, रजत पदक कुमिते 30 कि ग्रा), दीतीशा साहू (कांस्य पदक), झलक साहू (स्वर्ण पदक), कैडेट वर्ग बालिका - धात्री साहू (रजत पदक काता), पूर्वील साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते 40 कि.ग्रा. कांस्य पदक काता), कैडेट वर्ग बालक - भास्कर साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 45 कि.ग्रा, कांस्य पदक काता), दीपांशु सिन्हा (रजत पदक कुमिते 45 कि.ग्रा), पी श्री बालाजी (रजत पदक कुमिते 55 कि ग्रा), सीनियर वर्ग बालिका - लोकिता साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते 50 कि.ग्रा. कांस्य पदक काता), सीनियर वर्ग बालक - तरुण साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 67 कि ग्रा, स्वर्ण पदक काता)।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ देने वार्डो में कल से शिविर




पात्र हितग्राहियों का होगा सर्वेक्षण

राजनांदगांव (दावा)। शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिये वार्डो में 18, 21 व 27 नवम्बर 2024 को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में वार्ड के संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) किये जाने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डो में 18,21 व 27 नवम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वार्ड नं. 1,2,3,4 व 8 के लिये मोतीपुर सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 5 व 6 के लिये चिखली स्कूल में, वार्ड नं. 7,9 व 10 के लिये शंकरपुर हास्पिटल सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 11,12 व 13 के लिये गौरी नगर स्कूल में, वार्ड नं. 14 व 15 के लिये नगर निगम टाउन हाल में, वार्ड नं. 16,17,18 व 19 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में, वार्ड नं. 20,21 व 22 के लिये रेवाडीह स्कूल सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 42,43 व 46 के लिये फिरंतीन मंदिर के पास सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया गया है।

इसी प्रकार वार्ड नं. 23,44 व 45 के लिये कौरिनभाठा मंच में, वार्ड नं. 24,25 व 26 के लिये गांधी सभागृह में, वार्ड नं. 27,28 व 29 के लिये भरकापारा स्कूल में, वार्ड नं. 30,31,32 व 36 के लिये लखोली जनता कालोनी सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 33,34 व 35 के लिये यादव भवन लखोली में, वार्ड नं. 37, 38 व 39 के लिये गंज पारा स्कूल में, वार्ड नं. 40,41 व 48 के लिये स्वास्थ्य विभाग इंदिरा नगर पानी टंकी में तथा वार्ड नं. 47,49,50 व 51 के लिये नल घर मोहारा में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में लगे अधिकारी कर्मचारी संभवित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर कार्यवाही करेंगे। उन्होंने वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर आवास योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# विश्व मधुमेह पर स्वास्थ्य केन्द्रों में नि:शुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उच्चरक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद जांच, कान-नाक-गला जांच एवं फिजियोथेरेपी सेवाएं का निःशुल्क परीक्षण कर उपचार किया गया। डॉ. नेतराम नवरतन बताया कि मधुमेह होने पर शरीर के वजन को सामान्य रखें, संतुलित आहार का सेवन करें, नियमित योग व व्यायाम करें, तम्बाकू एवं मदिरा सेवन से बचे।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर ने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कुल 5363 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की गई। जिसमें से 113 लोग मधुमेह से ग्रसित एवं 468 लोग उच्चरक्तचाप से ग्रसित थे, जिन्हें दवाई लेने की सलाह दी गई। भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में कुल 42 वयोवृध्द को शिविर में लाभान्वित किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप से ग्रसित 14 मरीज, मधुमेह के 8 मरीज, आंख से संबंधित 16 मरीजों को आई ड्रॉप दिया गया। कान-नाक-गला में सभी लोगों की जांच की गई, जिसमें 3 को सुनने में समस्या, 2 का वैक्स एवं 02 को इयर ड्रॉप दिया गया। धुम्रपान से संबंधित 2 लोगों को पैच देकर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थी।

# युगांतर में गुजराती बाल मेले का भव्य आयोजन

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में गुजराती संस्कृति से ओतप्रोत भव्य बाल मेले का आयोजन अपरान्ह् 3 बजे प्रवास कुमार बघेल जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगाँव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवास कुमार बघेल ने कहा कि युगांतर का यह आयोजन सांस्कृतिक एकता का परिचायक है। इस आयोजन में सहभागिता दर्ज करके मुझे प्रसन्नता का अनुभव हुआ है। इस मेले में बालकों और उनके पालकों की सहभागिता से चार चाँद लगे। पालकों को रंग बिरंगे स्टॉल और गरबा नृत्य काफी रोचक लगे। गुजराती गीत-संगीत ने पालकों को शुरू से अंत तक बाँधे रखा। इसी तरह कर्णप्रिय और उत्साह से परिपूर्ण गीतों से सारे युगांतर परिसर में उत्सव का वातावरण निर्मित हो गया।

गुजराती संस्कृति की परिकल्पना स्टॉफ और प्रबंधन के अथक प्रयास से सार्थक हुई। इसके लिए सभी स्टॉफ और प्रबंधन अथक प्रयास किया। गुजरात के गाँवों की खूबसूरत झाँकी भी देखने को मिली। इसी तारतम्य में कला, म्यूजिक, डांस, मेस व ट्रांसपोर्ट सहित सभी विभागों के सहयोग से यह बाल मेला सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। कला विभाग द्वारा खूबसूरत रंगोली का प्रदर्शन हुआ। विद्यार्थियों द्वारा खूबसूरत गुजराती नृत्य का प्रदर्शन हुआ।



गुजराती थीम की तर्ज पर विद्यार्थियों व पालकों की उत्साहवर्धक सहभागिता हुई

अपार सहयोग, एकजुटता व टीम भावना का नाम ही युगांतर है। युगांतर अपने नाम के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहा है। इसी सन्दर्भ में बच्चों एवं पालको के लिए रैम्पवाक भी आयोजित हुआ। श्रेष्ठ प्रतियोगी को आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया। इन सभी एक्टिविटी मे स्थान अर्जित करने वाले प्रतियोगियों को खूबसूरत उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी तारतम्य में म्यूजिक व डांस की खूबसूरत सरिता बही। इसके अलावा बाल मेले मे स्वादिष्ट पकवानों के सुसज्जित स्टॉल लगाए गए। स्टॉल्स को गुजराती शैली में सुसज्जित किया गया था। पालकों को गुजराती भाषा काफी अच्छी लगी। गेम के स्टॉल्स में विद्यार्थीगण विविध गेम का लुत्फ उठाए। विविध झूले भी परिसर मे लगाए गए, इसका भी बच्चे आनन्द उठाए। पालकों व अतिथियों के लिए खूबसूरत सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जिसमें उन्होंने अपनी अपनी पिक लेकर आयोजन को अविस्मरणीय बनाया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक(अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, परस अग्रवाल, नरेंद्र कोटड़िया, डॉ. मोहन पारख, प्रभारी जिला खेल अधिकारी देवेंद्र सिंह ठाकुर, विद्यालय के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, बड़ी तादाद में पालकगण सहित युगांतर परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने कहा कि बालकों और उनके पालकों के असीम सहयोग से गुजराती संस्कृति की परिकल्पना स्टॉफ और प्रबंधन के अथक प्रयास से सार्थक हुई है। इसके लिए सभी स्टॉफ और प्रबंधन बधाई के पात्र हैं। इस दौरान आयोजन के संबंध में पालकों से त्वरित फिड बैक लिया गया, जिसमें पालकों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की।

बाल मेले के कार्यक्रम प्रभारी श्वेता मूंदड़ा, सुनीता सिंह, अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल, समन्वयक कंचन सोहल, वन्दना सिंह, रिंकू राय रहे, जिन्होंने विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक अजय सिंगी, प्राचार्य के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफलता के अंजाम तक पहुँचाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं की ओर से प्रवीण राजन, टी विशाल, आकांक्षा चतुर्वेदी, लवली पाल ने सुमधुर गीत प्रस्तुत करके खूब वाहवाही बटोरी।विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक अजय सिंगी ने टीचिंग व नान टीचिंग स्टॉफ सहित युगांतर परिवार का सुन्दर आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा कि टीम भावना के अनुरूप कार्य करने का नाम ही युगांतर है। उन्होंने यह आशा व्यक्ति की कि भविष्य में भी इसी तरह स्टॉफ एकजुटता के साथ कार्य करेगा।

# संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर भव्य बाल मेला

राजनांदगांव (दावा)। बाल दिवस के अवसर पर संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल ने बच्चों की खुशियों और उत्साह को मनाने के लिए एक भव्य बाल मेला आयोजित किया। इस विशेष आयोजन ने न केवल बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि उनके अभिभावकों को भी आनंदित किया। इस मेले में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन स्टॉल्स पर प्रस्तुत किए। स्टॉल्स में गुपचुप, भेल, चाट, पावभाजी, मैगी, आइसक्रीम, बोन्डा, बडा, चॉय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स, मन्चूरियन, पास्ता, स्प्राउट्स और स्वीट कॉर्न जैसे विविध विकल्प शामिल थे। इन स्वादिष्ट पकवानों ने मेले में आए बच्चों और अभिभावकों को आकर्षित किया, और सभी ने इनका भरपूर आनंद लिया।



बाल मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इसमें टैम्पूलिन, जम्पिंग बलून और विभिन्न प्रकार के झूले शामिल थे, जो बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह लाने में सफल रहे। बच्चों ने इन गतिविधियों में भाग लेकर न केवल आनंद लिया, बल्कि अपनी ऊर्जा को भी सही दिशा में लगाया। इसके साथ ही, संगीतमय आर्केस्ट्रा का आयोजन भी किया गया, जिसने पूरे माहौल को संगीत और मस्ती से भर दिया।

इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्होंने भरपूर आनंद लिया। मेले में संस्था के अध्यक्ष ललित अग्रवाल और सचिव अतुल देशलहरा अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शाला की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी के मार्गदर्शन में इस आयोजन को सफलता मिली, जिसमें बच्चों और अभिभावकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बाल मेला पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान किया, बल्कि विद्यालय के सामूहिक प्रयासों को भी उजागर किया। इस बाल मेला के आयोजन में विद्यालय के प्रशासक विकास जोशी का विशेष योगदान रहा।

# बाल दिवस पर टटेंगा में लगा आनंद मेला

हरदी(दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ आनंद मेला के लिए स्टाल लगाया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आरके देवांगन एवं वरिष्ठ व्याख्याता द्वय आरडी देवांगन एवं चंद्रमणी वासनिक ने दीप प्रज्वलीत एवं मां सरस्वती के मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सुमन, तुलसी और पारुल ने एकल गीत एवं तारिणी, याचना, भूमि, प्रियंका, दिशा, दिव्या और रागिनी ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति किए।



इस अवसर पर जनजातीय गौरव को बढ़ाने वाले रंगोली एवं भित्ति चित्र का प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला में स्टॉल लगाया। जिसमें छवि साहू ने अप्पे, कामया, छवि एवं प्रियल ने छोले पूरी, पुखराज खजानी, पल्लवी देवांगन गुपचुप, लक्ष्य निषाद ने पकोड़ा, मयंक देवांगन ने अप्पे, अभिषेक ने अमरूद, रोशन व भानु प्रताप ने पान, रोमा साहू ने साबूदाना बड़ा, रिमझिम देवांगन एवं माही ने चनाचूर गरम एवं भेल, अमन ने चाइनीस पकोड़ा, चंद्रहास ने पॉपकॉर्न, कमल कांत एवं ओझल ने गेम का स्टाल लगाए। कार्यक्रम के संयोजन एवं संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता टी एल देवांगन, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, चंद्रा देवनाथ, हैपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, एस के नेताम एवं कुंदन यादव के साथ-साथ पूर्व छात्र एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे।

# राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यो के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 35 लाख 58 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत ग्राम भोथीपारकला में निर्मला घाट निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए, ग्राम अ.भांठापारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, ग्राम सुन्दरा में रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम बैगाटोला में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 94 हजार रूपए, ग्राम सुकुलदैहान में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम डीलापहरी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम भेड़ीकला में नाली निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 94 हजार रूपए, ग्राम सुरगी में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# आईटीआई में 21 को कैम्प प्लेसमेंट

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में मेसर्स स्ट्रोकरिट मेटल बिल्डिंग सिस्टम्स (यूनिट-2) खसरा क्रमांक 1537 औद्योगिक विकास बोराई जिला दुर्ग द्वारा 21 नवम्बर 2024 को सुबह 9 बजे से कैम्प प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। कैम्प प्लेसमेंट में सभी शासकीय-अशासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के व्यवसाय फिटर (सीएनसी लेट ऑपरेटर को प्राथमिकता) ग्राइंडर, वेल्डर तथा विद्युतकार के वर्ष 2018 से 2024 तक उत्तीर्ण केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने सभी शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र (10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ) के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

# आज सिन्हा समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन व सम्मान समारोह

**डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 17 नवंबर को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन प्रागंण में रखा गया है। आयोजन के दौरान ही जिला स्तरीय चुनाव संपन्न कराने हेतु रूपरेखा भी तय की जायेगी।**

आयोजन में जिला चुनाव पर भी होगी चर्चा

आयोजन का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन एवं अतिथि स्वागत से होगा। पश्चात् प्रथम सत्र में दीपावली मिलन का कार्यक्रम तथा विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित सब इंस्पेक्टर तथा अन्य शासकीय पदों पर चयनित स्वजातीय युवाओं का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा सहित युवा मंच एवं महिला मंच के प्रांतीय व जिले के पदाधिकारी, मंडलेश्वरगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे। जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में इस दौरान सिन्हा समाज द्वारा विगत दिनों पुलिस सेवा सहित अन्य शासकीय पदों पर चयनित युवाओं का सम्मान किया जायेगा। इसके अलावा बैठक में आगामी जिला चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की जायेगी। उन्होंने जिला स्तरीय बैठक में जिले में निवासरत समस्त प्रांतीय, जिला एवं तहसील स्तर के समस्त पदाधिकारियों तथा स्वजातियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# निर्वाचक नामावली हेतु दावा आपत्ति 20 को

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ नगर पालिका आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में संशोधित समय सारणी जारी किया गया है। जारी संशोधित समय सारणी के अनुसार 20 नवंबर तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण 24 नवंबर को किया जाएगा। प्रारूप क 01 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर निर्धारित किया गया है। प्रारूप क 01 में प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित किया गया है। दावा आपत्ति का निराकरण के विरुद्ध अपील करने की अंतिम तिथि दावा आपत्ति निराकरण होने के 5 दिवस के भीतर निर्धारित किया गया है। सॉफ्टवेयर में परिवर्तन संशोधन विलोपन करने की तिथि 5 दिसंबर निर्धारित किया गया है। चेक लिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ़ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपने की तिथि 7 दिसंबर निर्धारित किया गया है। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना एवं अनुपूरक सूची का मूल सूची के साथ संलग्न करने की तिथि 10 दिसंबर निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर को किया जाएगा।

# दपूमं रेलवे के सीटीआई आई.आलम ने नाबालिग को सुरक्षित सौंपा परिवार को

डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ आई.आलम, सीटीआई-नागपुर द्वारा 13 नवंबर को नागपुर-बिलासपुर के मध्य गाड़ी क्रं. 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस में अपने ड्यूटी के दौरान तत्परता और संवेदनशीलताक परिचय देते हुए इस रेल गाड़ी में अकेले यात्रा करते हुए एक नाबालिग लड़का निखिल यादव, उम्र-11 वर्ष (पुत्र लेट राजेश यादव, निवासी बिलासपुर) को आरपीएफ बिलासपुर को सौंपा गया।



टिकट चेकिंग स्टाफ आलम ने इस लड़के को ट्रेन में देखा और तुरंत उसकी जांच किया और पाया कि लड़का अकेले यात्रा कर रहा था और उसके पास किसी भी प्रकार का पहचान पत्र नहीं था। उसके बाद आलम ने उसे सुरक्षित अपने साथ रखा तथा बिलासपुर कंट्रोल रूम को सूचित कर बिलासपुर में गाडी के आगमन के उपरांत स्टेशन पर तैनात आरपीएफ को आगे की कारवाई हेतु सौंप दिया। नाबालिग को लेकर जांच शुरू की। इस ट्रेन में कार्यरत टिकट चेकिंग स्टाफ की तत्परता और संवेदनशीलता के कारण ही एक नाबालिग लड़के को सुरक्षित रूप से उसके परिवार को सौंपा जाना संभव हो पाया।

वाणिज्य अधिकारियों ने इस घटना को लेकर आलम की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। फिर एक बार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया जो इस बात का उदाहरण है कि रेलवे कर्मचारी न केवल टिकट चेकिंग, बल्कि यात्री सुरक्षा और अवैध गतिविधियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# विधायक श्रीमती बघेल ने स्व. कौशिल्या देवी श्रीवास को दी श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम पंचायत कटली में राजेन्द्र श्रीवास के माता जी के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस परिवार के सक्रिय सदस्य राजेन्द्र श्रीवास की माताजी स्वर्गीय श्रीमति कौशिल्या देवी श्रीवास के आकस्मिक निधन पर परिवार वालो से संवेदना व्यक्त करने श्रीमती बघेल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम कटली पहुंची थी। इस अवसर पर जिला संयुक्त महामंत्री चुमन साहू, रणवीर श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

# शिवनाथ में कार्तिक पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी, नदी के जल में किए दीप दान

## प्राचीन शिव मंदिर में पूजा करने के लिए उमड़े हजारों श्रद्धालु, गंगा आरती का हुआ आयोजन, शहर सहित अंचल भर में देव दीपावली की रही धूम

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ तट में तीन दिनों तक मोहारा मेले का आयोजन किया गया। मेले के प्रथम दिन जहां शनिधाम परिवार की ओर से शिवनाथ नदी घाट में सवा लाख दीप जलाकर मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। वहीं लोक मंच मया के डोरी कार्यक्रम के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया गया। दूसरे दिन कार्तिक पूर्णिमा पर ब्रह्ममुहुर्त में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शिवनाथ नदी पहुंच कर श्रद्धा की डुबकी लगाई और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा कर नदी के जल में दीप दान किया। इस दौरान गंगा आरती का भी आयोजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने मोहारा मेले का जमकर आनंद लिया। लोग अपने घर परिवार व बाल बच्चों सहित अपने मनपसंद के चीजों की खरीदी की, चाट- पकौड़े खाएं और मेला स्थल पर उपस्थित हवाई झूले, रईचूली, सर्कस, ट्राय ट्रेन आदि मनोरंजन के साधनों का जमकर लुत्फ उठाया। इस दिन देव दीवाली पर्व भी धूमधाम के साथ मनाया गया।

### 0 लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द

कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। शिवनाथ नदी में बनाएं गए सैकड़ों घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे का उच्चारण करते हुए डूबकी लगाई, स्नान-ध्यान करते हुए मंदिर में पूजा-पाठ की और दान पूण्य का कार्य संपन्न किया।



बता दें कि मोहारा मेले के दौरान रात में लोगों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है लेकिन मुख्य मेले के दिन मोहारा मेला स्थल में सन्नाटा पसरा रहा। जबकि निगम द्वारा मोहारा मेले में लोक गायक महादेव हिरवानी द्वारा संचालित अंचल की सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था धरोहर का रंगारंग कार्यक्रम होने की बात प्रचारित की गई थी। लेकिन कार्यक्रम हो न सका। इससे बड़ी संख्या में कार्यक्रम प्रेमी लोग निराश हुए। बताया जाता है कि पहले दिन हुए लोक मंच के कलाकारों की खाने-पीने से लेकर चाय-पानी व अन्य व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा।

### निगम की पसरा-ठेले वालों से हुई खूब कमाई

बता दें कि महापौर नरेश डाकलिया के जमाने से नगर निगम द्वारा मोहारा मेले में लोगों से पसरा टेक्स वसूली बंद कर दिया गया है। लेकिन न जाने कब से निगम द्वारा फिर से पसरा टैक्स वसूली चालू कर दिया गया है। मोहरा मेले में चाय-पानी ठेला से लेकर मिठाई ठेला मनिहारी दुकान, चाट ठेला, साक-सब्जी बेचने वालों से भी एक दिन दुकान लगाने का 500 रुपए टैक्स वसूला गया है। छोटे होटल वालों से एक से डेढ़ हजार रुपए, बड़े होटल व मिठाई भंडार वालों से इससे भी ज्यादा व हवाई झूला व सर्कस वाले ड्रेगन रेल ट्राय ट्रेन वालों से तीन दिन के मेले में कितनी वसूली हुई होगी, इससे जान पड़ता है कि नगर निगम का खजाना भर गया होगा। इसके बाद भी मेले में अव्यवस्था का आलम रहा। छोटे दुकानदारों ने बताया कि मेले में भीड़ उमड़ने के दौरान असामाजिक तत्व अवांछित हरकत करते थे। दुकानदारों से खाने-पीने के सामान जबरदस्ती उठाकर ले जाते थे और पुलिस वाले चुपचाप देखते रहते थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी के तट पर जहां तीन दिवसीय मोहारा मेले की धूम रही वहीं शहर सहित अंचल भर में देव-दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने अपने घर आंगन में रंगोली बनाकर, जगमग दीप जलाए और भगवान शिव व श्री हरि विष्णु की पूजा कर देव दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया। मंदिरों में दीप जलाए गए और रौशनाई की गई। पर्व के उपलक्ष्य में दनादन फटाके फोड़ें गए और जमकर आतिशबाजियां की गई। इस दिन जिले के नदी-सरोवर व अन्य देव स्थानों में मेला-मड़ई का आयोजन किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिवनाथ नदी तट पर आयोजित तीन दिवसीय मोहारा मेले में निगम द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। अपने परिजनों के साथ मेला घूमने गए शहर के जागरुक नागरिक अशोक चौधरी ने बताया कि नदी घाट में पुलिस जवानों के साथ-साथ गोताखोरों को विशेष रूप से तैनात किया गया था। लाइट की भी भरपूर व्यवस्था किए जाने से नदी में स्नान ध्यान से लेकर पूजा अर्चना के कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवनाथ नदी के जल में पूण्य स्नान कर प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-पाठ का लाभ लिया। इस दौरान मंदिर में लोगों की काफी भीड़ रही। मंदिर के बाहर बैठे याचकों को श्रद्धालुओं द्वारा दान-पूण्य के कार्य किए गए।

# रिश्वत-कमीशनखोरी के मामलों पर विराम लगेगा?

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में भ्रष्टाचार निरोजक ब्यूरो (एसबी) ने साजा के एसडीएम को रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। सरकारी विभागों के दफ्तरों में जिस जनता को अपना सरकारी काम कराने चप्पलें घिस जाती हैं, वे लोग थोड़ा खुश हुए हैं।

राजस्व विभागों में प्रशासकीय न्यायालयों में न जनता का काम होता है और न ही मामलों से संबंधित न्याय मिलता है। केवल तारीख पर तारीख का प्रचलन यथावत है। बिचौलिए इसका फायदा भरपूर उठाते हैं और सेटिंग कर मामला निपटाने में तत्पर हो जाते हैं और सफल भी होते है। सवाल यहां यह कि जो रिश्वत लेकर पकड़ा गया, वही भ्रष्ट हैं? बाकी दूध के धुले हैं? जनता की त्रासदी बताती है कि ऐसा नहीं हैं। ऐसे समय सिटीजन चार्टर 'याने निर्धारित समय में काम हो ही जाना चाहिए। यह व्यवस्था प्रभावशाली ढंग से होनी चाहिए। समय-समय पर इसकी सख्त मानिटरिंग भी होनी चाहिए।

वर्षो से छत्तीसगढ़ में दसियों अफसरों के दामन में भ्रष्टाचार के दाग हैं। कई मामलों लोक आयोग में, कई ईओडब्लू और सीबीआई में दर्ज हैं। इनमें से ज्यादातर मामले भ्रष्टाचार के हैं। अनुचित तौर तरीकों से सम्पत्ति जुटाने, सामानों की खरीदी, रिश्वतखोरी-कमीशनखोरी सरकारी कार्यो के मामले आदि विशेष जन चर्चा में रहते हैं।

चौंकाने वाली बात यहां यह है कि भ्रष्टाचार और अनियमितता से जुड़े मामलों में फंसे अनेक तमाम अफसर शासन में मौजूदगी के चलते भ्रष्ट मामलों की फाइलें धूल खाती हैं या फिर भ्रष्ट मामले धीरे धीरे डायलूट हो जाते हैं।

# सांगिनकछार में फैला डायरिया, चार की मौत

## लगातार शिविर के बावजूद कारण का नहीं चला पता



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के टप्पा क्षेत्र के ग्राम सांगिनकछार में उल्टी-दस्त के प्रकोप से चार लोगों की मौत से पूरा अंचल सदमें में है, विगत दो सप्ताह से डायरिया के मरीज इस ग्राम में लगातार मिल रहे हैं किन्तु प्रशासन अब तक इसके कारण का पता नहीं लगा पायी है। हॉलाकि स्वास्थ्य विभाग की टीम इस ग्राम में साप्ताहिक कैम्प लगा रही है किन्तु अब भी दस्त से प्रभावित मरीजों का मिलना जारी है।

ग्राम में मिली जानकारी के अनुसार 16 नवम्बर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम का पूरा अमला ग्राम में शिविर लगाकर पीड़ितों की पहचान करने में लगा है और अधिक गंभीर मरीजों को रिफर किया जा रहा है। लगातार मरीजों के मिलने और मौतों की खबर की जानकारी मिलने पर जिला भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के सहसंयोजक चुन्नीलाल यदु ग्राम सांगिनकछार के ग्रामीणों से मिलकर उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

बता दें कि विगत कुछ दिनों से ग्राम सांगिनकछार में डायरिया से चार लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें तीन सांगिनकछार के हैं जबकि अन्यत्र गांव पहुंचे एक मेहमान बुजुर्ग शामिल हैं, ग्राम के मृतकों में ममता पति नरोत्तम यादव हैं जिनकी तबियत अधिक बिगडने के चलते सीएचसी डोंगरगाँव में भर्ती कराया गया था, वहीं दूसरा हरिचन्द पिता देवलाल वर्मा हैं जिनकी गंभीरता देखते हुए पिछले सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में भर्ती कराने का सलाह दिया गया था लेकिन अस्पताल ले जाने के पूर्व ही उनकी मृत्यु हो गयी। वहीं ग्राम के ही तीसरे व्यक्ति ताजूराम पिता पुनाराद साहू हैं जिनका दस्त ठीक हो गया था, किन्तु दूसरे दिवस ही उनकी मृत्यु हो गई।

इस वनांचल ग्राम में अब तक दस्त से प्रभावित 21 मरीज मिले हैं जिनमें 6 को रिफर किया गया है, 16 नवम्बर के शिविर में 60 से अधिक मरीजों की जांच की गई है जिसमें दस्त का 1 प्रकरण मिला है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार अब स्थिति सामान्य हो रही है किन्तु अब भी प्रतिदिन एक-दो मरीज मिल रहे हैं जिसके चलते साप्ताहिक कैम्प लगाया जा रहा है।

# कार्तिक पूर्णिमा में आस्था की डुबकी एवं शिव गंगा महाआरती का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार एवं बाल रत्न मंच सेवा समिति, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट राजनादगांव के संयुक्त तत्वाधान के संयोजक योगेश साहू सौरभ खंडेलवाल, पंकज गुप्ता ने बताया कि सनातन संस्कृति में विश्व मंगल की कामना की जाती है।

आज प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में मोहरा स्थित पवित्र शिवनाथ नदी में कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी में प्रातः 5:30 बजे स्नान आस्था की डुबकी एवं प्रातः 6 बजे शिवनाथ नदी का पूजन अर्चन एवं मां गंगा मैया, भगवान शिव की महाआरती का महाआयोजन हजारों भक्तों की उपस्थिति में संपन्न हुआ यह आयोजन विगत 11 वर्षों से अनवरत जारी है। सौरभ खंडेलवाल एवं कैलाश गुप्ता ने कहा कि छोटे बच्चों को सनातन संस्कृति के बारे में बताना चाहिए माथे पर तिलक हो, संस्कारधानी में सनातन धर्म संस्कृति के त्योहारों को आस्था व उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर देव दीपावली मनाई जाती है।



**मां गायत्री दिया मंडल, बाल रत्न मंच, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संपन्न**

सनातन शास्त्रों में निहित है कि कार्तिक पूर्णिमा पर देवों के देव महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध का त्रिलोक की रक्षा की थी इस उपलक्ष में देवताओं ने दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया था। तब से कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई जाती है मां गायत्री विद्या मंडल गायत्री परिवार , बाल रत्न मंच सेवा समिति, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट राजनादगांव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सनातन संस्कृति के कार्तिक पूर्णिमा शिव गंगा मां आरती आयोजन में पधारे अशोक लोहिया, सोहनलाल गुप्ता, योगेश साहू सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, अनिल होलानी, पवन लोहिया, सुदीप, पंकज खंडेलवाल, अमित लोहिया, प्रीति गुप्ता, रुचि गुप्ता, छोटे नन्हे बच्चे भी एवं अन्य नगरवासी सम्मिलित हुए।

# पूर्णिमा पर मोतीपुर सरोवर में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने की पूजा-अर्चना



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि (देव दीपावली) के शुभ अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने मोतीपुर स्थित सरोवर में परिवार संग पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों और प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के पश्चात श्री यादव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का यह पर्व धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन पवित्र जलाशयों में स्नान और पूजा-अर्चना करने से लोगों के रोग, दोष, कष्ट एवं संताप का नाश होकर उन्हें जीवन में सुख-समृद्धि, कीर्ति एवं उन्नति की प्राप्ति होती है। मोतीपुर सरोवर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमडती रही, जहां दीप जलाकर देव दीपावली का पर्व उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया। यह पर्व पूरे शहर में हर्षोल्लास और धार्मिक उमंग के साथ मनाया गया।

# एसडीओपी ने थाना प्रभारी डोंगरगढ़ के साथ आरपीएफ, जीआरपी का किया गया निरीक्षण



**जेब कतरों, चैन स्केचनरों एवं अन्य संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखने दिया हिदायत**

डोंगरगढ़ (दावा)। 16 नवंबर को एसडीपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम द्वारा थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा के साथ आरपीएफ एवं जीआरपी थाना का भ्रमण किया गया।

भ्रमण दौरान एसडीओपी डोंगरगढ़ द्वारा आरपीएफ एवं जीआरपीएफ में संधारित आदतन चोरों, जेबकतरों, बदमाशों, संदेहियों एवं अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। साथ ही थाना डोंगरगढ़ से समन्वय स्थापित कर जेब कतरों, चैन स्केचनरों व अन्य संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बाद जीआरपी थाना प्रभारी उप निरीक्षक हरिश शर्मा एवं आरपीएफ के सउनि एस.के. वर्मा एवं उनके अन्य स्टॉप के साथ संयुक्त भ्रमण कर सुनसान अंधेरे अड्डेबाजी की जगह को चेक किया गया।

# शिवनाथ तट दीपों की रोशनी से जगमगा उठा

## शनिदेवधाम परिवार द्वारा प्रज्वलित दीपों से मेला परिसर मे अद्भूत नजारा



राजनांदगांव (दावा)। ऐतिहासिक पुन्नी मेला के तीन दिवसीय कार्यकम के प्रथम दिन सांध्य बेला मे शनिदेव धाम परिवार द्वारा स्थानीय भक्त जनों एवं शिवनाथ तटरक्षक समिति के सहयोग से हजारों की संख्या मे शिवनाथ तट पर दीप प्रज्वलित किये गये।

शनिदेव धाम प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि, एक साथ हजारों की संख्या मे दीप प्रज्वलन की छटा देखते ही बनता था। आयोध्या के सरयू नदी के तर्ज पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, विभिन्न धार्मिक प्रतीक चिन्ह जैसे ओम, स्वास्तिक, शिवलिंग, पुष्प आदि के पवित्र चिन्ह दीपों से बनाकर दीप दान के साथ नगर के सुख समृद्धि एवं सामाजिक समरसता का उद्देश्य लेकर दीप प्रज्वलन किया गया।

इस अवसर पर महापौर नगर निगम राजनांदगाँव, एसडीएम के.एल. वर्मा, आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, डी.सी. जैन अध्यक्ष शिवनाथ तटरक्षक समिति, सतोष पटाक, राजू डागा, विजय हरीहारनो, राकेश इन्दुभूषण ठाकुर, अमलेन्दू हाजरा, चन्द्रेश जैन, डॉ. संदीप कोठारी, अमित खण्डेलवाल तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण विशेषकर महिलाएं उपस्थित थी। दीप प्रज्वलन के साथ शिव गंगा महाआरती की गई। इस अद्‌भुत दृश्य के हजारा दर्शनाथी सांक्षी बने एवं पुण्य कार्तिक मास में पूर्णिमा के अवसर पर दीप दान तथा दीप प्रज्वलन कर पुण्य के सहभागी बने। उक्त जानकारी अधिवक्ता राकेश ठाकुर द्वारा दी गई।

# सोसायटियों में धान खरीदी प्रारंभ: समितियों में पदाधिकारियों का अभाव

**० एक अधिकारी के भरोसे अनेक समितियां**
**0 ग्रामीण किसानों व कार्यकर्ताओं में देखी जा रही है नाराजगी**

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में आज से धान खरीदी का महापर्व का शुभारंभ हो गया है, राज्य सरकार के घोषणा के अनुसार पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्यों पर प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी की शुरुवात की जा चुकी है।

इसी क्रम में डोंगरगांव क्षेत्र के 13 उपार्जन केन्द्रों में तथा खुज्जी क्षेत्र के 11 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। सरकार के आदेश के अनुसार प्रशासन ने भी धान खरीदी केंद्रों पर धान खरीदी के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर लिये जाने की खबर आ रही है, शासन व्दारा समितियों में धान खरीदी तो प्रारंभ कर दी गई है किन्तु सरकार बनने के बाद सोसाटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति के विषय में अब तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। इसे लेकर ग्रामीण कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है. एक कार्यकर्ता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीड़ा बताते हुए कहा कि किसानों से सीधे उन्हें रूबरू होना पड़ता है और उन्हें होने वाली छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण के लिए भी उन्हें ही पहल करनी होती है किंतु कोई पद में नहीं होने की वजह से वे किसी को भी जवाब देने की स्थिति में नहीं है। इसके पूर्व समिति प्रबंधन के लिए अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बनाया था लेकिन भाजपा सरकार बदलने के बाद आज तक पदाधिकारी नियुक्त नहीं किए गए है जिसे लेकर ग्रामीण कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है।

अब धान खरीदी भी प्रारंभ कर दी गई है और अब तक सोसायटी अध्यक्षों व पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो पायी है, जिसके चलते कई सोसायटियों का प्रभार एक अधिकारी को दिया गया है। ऐसे में सोसायटियों में होने वाली परेशानी से लेकर किसानों के दिक्कतों का त्वरित निराकरण संभव नहीं है।

# श्री श्याम कुटी की हवनाग्नि में भक्तों को श्री श्याम प्रभु के हुए दर्शन

## असीमानंद की प्राप्ति के साथ स्वर्गलोक से लौटे श्री श्याम प्रभु के भक्तजन, छह दिवसीय रजत व स्वर्ण जयंती महोत्सव का हुआ धूमधाम से समापन

राजनांदगांव (दावा)। शहर में छह दिनों से चले आ रहे श्री मां दासी श्याम प्रभु की रजत व स्वर्ण जयंती महोत्सव का विभिन्न धार्मिक एवं भाग्वदीय आनुष्ठानिक आयोजन के बीच धूमधाम के साथ समापन हुआ। संस्कारधानी नगरी के श्री श्यामकुटी व श्री दासीश्याम मंडल ने अपनी प्यारी श्री सद्गुरू मां की रजत जंयती व खाटू नरेश श्री श्यामप्रभु की स्वर्ण जयंती महा महोत्सव का पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ आनंद लिया।

यह आनंद उन्हें छह दिनों तक प्रभु चर्चा, गुरूचर्चा, मीराचरित्र, भजन, प्रसाद एवं सतसंग के माध्यम से प्राप्त हुई। श्री दासी श्याम प्रभु की जयंती पर कलश यात्रा और ईस्कान मंदिर के सेवकों द्वारा राम तथा श्याम नाम का संकीर्तन के साथ ही फाल्गुन महोत्सव में प्रभु संग फूलों की होली तथा नृत्य नाटिका में राधाकृष्ण व सखियों के संग नाच-नाचकर अपनी प्यारी गुरू मां को पूरे छह दिनों तक रिझाते रहे और आनंदोत्सव मनाते रहे। 11 नवम्बर को श्री रामदरबार की निशान यात्रा और श्री दासीश्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा शहर में आर्कषण का केंद्र बना रहा। निशान व शोभायात्रा जिस जिस स्थान से गुजरी वहां के रहवासी अपलक शोभायात्रा को निहारते रहे और आनंदतिरेक हो कर इस पर चर्चा करते हुए अपने आप में धन्य महसूस किया।

### शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत







शोभायात्रा रामाधीन मार्ग के मंगल अग्रवाल निवास स्थान पहुंचने पर भव्य व ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत के तहत गुलाब जल व इत्र के फव्वारे तथा तोप से गुलाब व गेंदे के फूलों की बरसात होती रही और एक विशाल मेवे की माला के साथ श्री दासी श्याम प्रभु को नारियल भेंटकर अग्रवाल परिवार द्वारा महाआरती की गई और जमकर आतिशबाजियां भी की गई।

इस दौरान स्वागत में उपस्थित पुरूष वर्ग धोती कुर्ता और जैकेट के साथ पगड़ी भी धारण किये हुए थे जो बड़े अनुपम व मनोहारी नजर आ रहे थे। 12 नवम्बर को दोपहर श्री अग्रसेन भवन में हजारों भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया और रात को पूरे भजन के दरमियान भक्तगण झूमते, गाते व नाचते रहे हैं। इस दरम्यान भक्तों के ऊपर फिर से इत्र का छिडक़ाव होते रहा। सुबह 6 बजे आरती के पश्चात भक्तों ने प्रसाद लेकर अपने घरों की ओर प्रस्थान किये। 12 नवम्बर को दोपहर 4 बजे श्री श्यामप्रभु की दासी के जीवन की डाक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें उनके जन्म चौमू से हाथरस, कोलकता और जयपुर, वृदावन तथा श्री खाटूधाम तक की चलचित्र के माध्यम से बहुत सुंदर चित्रण किया गया।

### हवनाग्नि में श्याम प्रभु के दर्शन

जयंती महोत्सव के अंतिम दिन 13 नवम्बर को सर्व कल्याण महायज्ञ के द्वारा कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई। महायज्ञ हवन के दरमियान हवन से निकली अग्नि की लौ में बहुत से भक्तों को श्री खाटू नरेश श्री श्यामप्रभु के दर्शन हुए जिसे जिज्ञासु भक्तों अपने मोबाईल के कैमरे में कैद किया और अभिभूत होकर अनेक श्रद्धालु-भक्तों को साझा किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मयंक शर्मा ने बताया कि श्री श्यामकुटी में बने श्री श्याम प्रभु के भव्य स्वरूप अभी तक यहां विराजमान है जिनके दर्शन का लाभ भक्तगण ले सकते है। उन्होंने बताया कि श्री दासी श्याम प्रभु के डाक्यूमेंट्री में उनका जीवन परिचय सभी भक्तो को ज्ञान हुआ। जयंती महोत्सव से प्रस्थान के समय अनेकों भक्तों ने जाते-जाते यह भी कहा कि हम 6 दिन स्वर्गलोक में रह कर अपने घरों की ओर अपने ग्रहस्थ धर्म का पालन करने के लिए जा रहे है। हमे श्री श्यामकुटी, श्री शक्तिधाम और श्री अग्रसेन भवन में बने श्री दासीश्याम दरबार में रहकर हमें स्वर्गानुभूति हुई। हमने यहां श्री मीरा चरित्र, सतसंग, भजन और श्री राधाकृष्ण नृत्य नाटिका व ईस्कॉन मंदिर के भक्तों द्वारा नाम संकिर्तन, प्रभुसंग फूलों की होली तथा सबसे मुख्य रूप से श्री गुरूमां पर बनी डाक्यूमेंट्री और निशान तथा शोभायात्रा के साथ-साथ भोजन प्रसादी का खूब आनंद लिए और अपने आपको स्वर्ग में रहने जैसा महसूस किया।

बता दें कि श्री श्याम कुटी में श्री दासी श्याम प्रभु के प्रेम प्यार और दया की वजह से भक्तों भीड़ उमड़ी थी। यहां आए भक्तों का कहना व मानना है कि उन्हें श्री प्रभु मां ने अपने प्रेम में बांध लिया है और उन्होंने प्रभु श्री श्याम से मिलवा दिया। जयंती महोत्सव पर मुख्य रूप से भजनों की प्रस्तुती देने वाले श्रीमति रजनी शर्मा, अनिल शर्मा, पीयूष शर्मा, रोहित शर्मा और निखिल टाक तथा सिंगर गायक भावेश वैद, श्याम शर्मा, जूलीसिंह भी अपने सुमधुर भजनों से भक्तों को झूमाते व नचाते रहे। समस्त जनों में श्री दासी मां श्याम प्रभु की छह-छह दिनों तक खुमारी छाई रहीं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com